हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026



# रेलवे ओवरब्रिज में अनियमितता की जांच अधूरी, पखवाड़ेभर बाद भी एक्शन नहीं

## शक्ति योजना के तहत 26 करोड़ रुपए से निर्मित ओवरब्रिज में आई थी दरारें, जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में शक्ति योजना के तहत 26 करोड़ की लागत से कराए गए रेल ओवरब्रिज निर्माण में मिली अनियमितता पर अब तक एक्शन नहीं हो पाया है। रेलवे विभाग इस मामले में भले ही जांच कमेटी की रिपोर्ट का इंतजार कर रहा हो, लेकिन सवाल उठ रहे हैं कि 20 दिन से अधिक समय होने के बाद भी जिम्मेदारों पर एक्शन नहीं होना सवाल खड़ा कर रहा है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि जांच-रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की योजना के अनुसार करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित रेलवे ओवरब्रिजों में उद्घाटन के महज 15 दिन बाद दरार सामने आई थी। काम की गुणवत्ता को लेकर लगातार सवाल खड़े हुए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सांसद संतोष पांडे और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी गंभीर लापरवाही को लेकर नाराजगी जताई। इसके बावजूद मामले में अब तक किसी भी अधिकारी, इंजीनियर या निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई नहीं होने से रेलवे विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। बरगा, आलीवारा और मुसरा रेलवे ओवरब्रिज में बारिश के बाद 60 से 70 फीट तक लंबी दरारें उभर आई थी। जिससे आवागमन प्रभावित हुआ और रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया था।

### आनन-फानन में कराया काम

ओवरब्रिज में आई दरारों को लेकर मचे हल्ला के बीच विभाग ने आनन-फानन में मरम्मत कर दरारों को भर दिया था। डामर की सड़कों को सीमेंट से सुधारा गया। जिसको लेकर भी सवाल उठे, लेकिन जिम्मेदारों पर कार्रवाई आज तक नहीं हो सकी। रेलवे ने मामले की जांच के लिए तकनीकी समिति गठित की है। 20 दिन से अधिक समय होने के बाद भी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई है और न ही निर्माण एजेंसी अथवा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई की गई है।



### जनप्रतिनिधियों की अनदेखी

मामले को गंभीर मानते सांसद संतोष पांडे ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर बताया था कि शक्ति योजना के तहत करीब 26 करोड़ रुपए की लागत से बने इन ओवरब्रिजों में उद्घाटन के कुछ दिनों बाद ही दरारें आ जाना निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह है। उन्होंने निष्पक्ष तकनीकी जांच और दोषी निर्माण एजेंसी पर कठोर कार्रवाई की मांग की थी। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।

### अफसरों ने मानी लापरवाही

जानकारी के अनुसार ओवरब्रिजों का निर्माण मुंबई की विजय इंफ्रा कंपनी ने किया है। दरारों का मामला सामने आने के बाद नागपुर मंडल के डीआरएम दीपक कुमार स्वयं निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रथम दृष्टया निर्माण में लापरवाही स्वीकार करते तकनीकी जांच के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। हालांकि अब तक न ठेकेदार पर कार्रवाई हुई और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी की जवाबदेही तय की गई।

## एक अगस्त से शुरू होगी नई व्यवस्था, विभागवार जारी किए गए कोड

# विभागों में 13 हजार प्रीपेड कनेक्शन एडवांस देने के बाद मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

सरकारी विभागों को बिजली लेने के लिए अब एडवांस में पैसा देना होगा। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इसके लिए तैयारी पूरी कर ली है। राजनांदगांव, कवर्धा, एमएमसी और केसीजी जिले के 13 हजार सरकारी कनेक्शनों के लिए विभागवार अलग-अलग ग्रुप बनाकर उनको एक कोड दिया गया है।

अब इस माह के अंत तक सभी विभागों को तीन-तीन माह का बिल एडवांस में देना होगा। इसी के साथ अगले माह से सरकारी विभागों के कनेक्शन एक तरह से प्रीपेड हो जाएंगे। अब एडवांस में पैसा देने की योजना लागू होने पर सरकारी विभागों के बकाया से पॉवर कंपनी को मुक्ति मिल जाएगी। सरकारी विभागों पर इस समय करीब 90 करोड़ का बकाया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। प्रदेशभर के करीब डेढ़ लाख सरकारी विभागों के मीटरों को बदलकर अब स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। अब सरकारी विभागों के कनेक्शनों को प्रीपेड करने का काम किया जाएगा। लंबे समय से इसको करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अब जाकर इसमें सफलता मिलने वाली है। पहले सभी विभागों से तीन-तीन माह का रिचार्ज कराने के लिए कहा गया था, लेकिन किसी विभाग ने भी रिचार्ज नहीं कराया। ऐसे में अब ऊर्जा विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर सभी विभागों को तीन-तीन माह का बिल एडवांस में जमा करने के लिए कहा है।



### एक अगस्त से प्रीपेड

पावर कंपनी ने इसके लिए हर विभाग को अलग-अलग कोड भी दिया गया है। हर विभाग के लिए एक-एक नोडल अधिकारी भी बनाया गया है। पॉवर कंपनी अब इस प्रयास में जुटी है कि सभी सरकारी विभाग इस माह के अंत तक तीन-तीन माह का बिल एडवांस में जमा कर दें तो अगले माह एक अगस्त से सभी सरकारी विभागों के कनेक्शनों को प्रीपेड कर दिया जाए।

### विभागों के बनाए गए ग्रुप

पहले चरण में ब्लॉक स्तर पर सरकारी बिजली कनेक्शनों को प्रीपेड करने की तैयारी की गई थी, लेकिन अब लगभग सभी कनेक्शनों को प्रीपेड किया जा रहा है। इसके लिए अब जिला स्तर पर जितने भी सरकारी विभाग हैं, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, पंचायतें, पुलिस सहित जितने भी विभाग हैं, उनका अलग-अलग ग्रुप बनाया गया है। इसमें जिस विभाग के एक जिले में जितने भी दफ्तर होंगे, उनका एक माह का बिजली बिल कितना आता है, इसको देखा जाएगा। इन विभागों को तीन-तीन माह के बिजली बिल के बराबर एडवांस में पैसा पॉवर कंपनी में जमा करना होगा।

### बकाया साढ़े तीन हजार करोड़

सरकारी विभागों पर बकाया परेशानी का कारण रहा है। कभी भी सरकारी विभाग अपना बिजली बिल जमा ही नहीं करते हैं। अंत में पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर बजट से पैसा लेना पड़ता है। राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तथा मोहला-मानपुर-चौकी जिले के सरकारी विभागों में बकाया 90 करोड़ हो गया है। एक अगस्त से कनेक्शन प्रीपेड होने पर जुलाई तक जितना बकाया होगा, उसको फ्रीज कर दिया जाएगा। इस बकाया को प्रदेश सरकार किस्तों में पॉवर कंपनी को देगी।

## डोंगरगढ़ भाजपा में बड़ा राजनीतिक भूचाल

# मंडल अध्यक्ष से नाराज 111 नेताओं कार्यकर्ताओं का सामूहिक इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में भाजपा को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। भाजपा के 111 नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से सामूहिक इस्तीफा देने का ऐलान किया है। इस्तीफे की वजह डोंगरगढ़ मंडल भाजपा के पदाधिकारियों की कार्यशैली और कार्यकर्ताओं की कथित उपेक्षा को बताया गया है। सामूहिक इस्तीफे का पत्र सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

इस्तीफा देने वालों में मंडल, जिला और प्रदेश स्तर के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठ के सदस्य, पूर्व पार्षद, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी और सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हैं। सभी ने आरोप लगाया है कि शहर मंडल अध्यक्ष की कार्यशैली से लंबे समय से कार्यकर्ता स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे थे। जिससे संगठन में असंतोष लगातार बढ़ रहा था। इस्तीफा सौंपे जाने के बाद डोंगरगढ़ से लेकर राजनांदगांव भाजपा संगठन में खलबली मची है।



### इस्तीफा पत्र में पार्टी के शीर्ष नेताओं को किया गया संबोधित

पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा सौंपे गए सामूहिक इस्तीफे का पत्र भाजपा के जिला अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय तथा राष्ट्रीय नेतृत्व के नाम संबोधित किया गया है। इस्तीफे के पत्र में कहा गया है कि मंडल अध्यक्ष की कार्यशैली और कार्यकर्ताओं की अनदेखी से आहत होकर सभी लोग पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रहे हैं।

### संगठन ने साधी चुप्पी

डोंगरगढ़ में एक साथ बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के इस्तीफे को संगठन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। हालांकि इस पूरे मामले पर भाजपा जिला संगठन या शहर मंडल अध्यक्ष की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। बताया जाता है कि जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत द्वारा हाल ही में अनुशासनहीनता को लेकर डोंगरगढ़ के ही कुछ नेताओं को नोटिस भी जारी की गई थी।

### राजनीतिक गलियारों में हो रही इस्तीफे की चर्चा

अब राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा तेज है कि पार्टी नेतृत्व इस नाराजगी को दूर करने के लिए क्या कदम उठाता है और सामूहिक इस्तीफों का स्थानीय संगठन पर कितना असर पड़ता है। उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़ भाजपा संगठन में पिछले लंबे समय से नेताओं के बीच खींचतान और गुटबाजी की भी खबरें सामने आ रही है।

## खबर संक्षेप

### खेत में युवक मृत मिला

**राजनांदगांव।** खेत के पानी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। जिससे आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को मेडिकल कालेज पेंड्री भिजवाया है। मृतक की शिनाख्ति का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत लखोली गोविंद नगर के सामने खेत के पास एक अज्ञात पुरूष उम्र लगभग 30-35 वर्ष 25 जुलाई को दोपहर खेत के पानी में डूबने से मौत हो गई। आसपास के लोगों ने जब उसे देखा, तब इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्ति नहीं हो पाई है। मृतक की शिनाख्ति का पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा है। शव को पेंड्री मेडिकल कॉलेज शव गृह में रखा गया है।

# ओवररेट पर बिक रही शराब नहीं मिल रहा मनपसंद ब्रांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में सरकारी शराब दुकानों में शराब के ओवररेट बिकने की शिकायतें थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते दो महीने के भीतर कई ऐसे मामले आधिकारिक रूप से सामने आ चुके हैं, जहां संभाग स्तरीय जांच दल ने पकड़ा कि शराब दुकानों से अधिक पैसे की मांग की जा रही है, जिस पर एक्शन भी लिया गया, लेकिन बावजूद इसके स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है।


हालत यह है कि अब भी शराब दुकानों में आम लोगों से प्रति बोतल 5 से 10 रुपए तक अधिक वसूले जा रहे हैं। दूसरी ओर मदिराप्रेमियों की एक शिकायत यह भी है कि उन्हें पसंद के ब्रांड की शराब बोतल नहीं मिल रही है, बल्कि उपलब्ध स्टॉक से ही खरीदी कर संतुष्ट होना पड़ रहा है। जबकि शासन यह दावा करता है कि सरकारी शराब दुकानों में सभी ब्रांड की शराब सप्लाई की जा रही है। मजेदार बात यह है कि पिछले चार महीने के दौरान कई ऐसे दिन भी गुजरे हैं, जहां देशी शराब तक दुकानों से गायब रही। ओवररेट के बीच पसंद की शराब नहीं मिलने से मदिराप्रेमियों में भी नाराजगी देखने को मिल रही है।

### जिला निष्क्रिय, संभागीय टीम एक्टिव

शराब ओवररेट मामलों में हो रहे एक्शन को देखा जाए तो जिला स्तर पर टीम द्वारा एक्शन नहीं हो रहा है, बल्कि दुर्ग या रायपुर संभाग से आने वाली उड़नदस्ता दल द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जिससे यह सवाल उठ रहा है कि जिला स्तर का महकमा ओवररेट को लेकर दिलचस्पी क्यों नहीं दिखा रहा है।

# दीवार कूदकर लैपटॉप की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गैंस एजेंसी की दीवार कूदकर टेबल के ड्रॉज का लॉक तोड़कर लैपटॉप को चोर ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच करते आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 जुलाई को प्रार्थी द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 जुलाई की सुबह 8 से 8.30 बजे के मध्य कोई अज्ञात व्यक्ति अशोका इंडेन गैस एजेंसी की दीवार को कूदकर टीन के शेड में रखे टेबल के ड्रॉज का लॉक तोड़कर एक लेनेवो कंपनी का लैटपटॉप चोरी कर ले गया है बताया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्व धारा 331(3), 305 बीएनएस कायम किया गया।

### आरोपी गिरफ्तार, लैपटॉप बरामद

पुलिस के अनुसार इस मामले में आरोपी का पता तलाश लगातार किया गया। मुखबीर सूचना पर आरोपी आदित्य मरकाम उर्फ आदि 20 साल निवासी राहुल नगर को पकड़कर पूछताछ किया गया, जो जुर्म स्वीकार किया गया। जिसके कब्जे से एक लेनेवो कंपनी का लैपटॉप जब्त कर 26 जुलाई को मामले में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

### जिला पंचायत की साधारण सभा 30 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 30 जुलाई को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव में आयोजित की गई है। बैठक में सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है। पूर्व में यह बैठक 31 जुलाई को आयोजित की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से तिथि में परिवर्तन किया गया है।

# छात्रों ने किया प्रदर्शन

■ नई शिक्षा नीति का पालन नहीं

**राजनांदगांव।** नई शिक्षा नीति के तहत एनईपी के गाईड लाइन में एक वर्ष पीजी का लाभ विद्यार्थियों को नहीं देने के मामले को लेकर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के बाहर छात्रों ने प्रदर्शन किया और हस्ताक्षर अभियान चलाकर वन ईयर पीजी लागू करने मांग की।

प्रदेश के महाविद्यालयों में नई शिक्षा नीति के तहत नए शैक्षणिक



सत्र की पढ़ाई शुरू हो चुकी है। यूजीसी की गाईड लाइन के अनुसार चार वर्षीय स्नातक पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश का

⏵⏵ शेष पेज 12 पर

# हरियाली बिखेरने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में लगेंगे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर निगम क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर पौधरोपण किए जाने की तैयारियां शुरू कर दी गई है। जिसके लिए अलग-अलग वार्डों में स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। वहीं सड़क किनारे दोनों ओर भी पौधे लगाए जाएंगे। पूर्व में जनप्रतिनिधि सहित अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया है।

निगम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आगामी दिनों में नगर निगम क्षेत्र में व्यापक रूप से पौधरोपण किए जाने की तैयारियां शुरू कर दी गई है। शहर को हराभरा रखने व सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते शहर के अंदरूनी एवं बाहरी इलाके में पौधरोपण किए जाने की तैयारी की जा रही है। बताया गया कि निगम क्षेत्र के अलग-अलग वार्डों में अलग-अलग स्थानों को मिलाकर लगभग 12 एकड़ जमीन चिन्हाकित कर लिए गए हैं। जिसमें लगभग 7 हजार विभिन्न किस्म के पौधे व सड़कों के किनारे दोनों ओर लगभग 42 किलोमीटर की परिधि में लगभग 27 हजार पौधे रोपे जाएंगे। शहर में हरियाली बिखेरने की दृष्टिकोण से पूर्व में निगम जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने भ्रमण कर पौधरोपण के लिए स्थान चिन्हांकित किया है।

### रूपरेखा तैयार

निगम क्षेत्र के रेवाडीह, फरहद चौक, मोतीपुर, कौरिनभाठा मुक्तिधाम, पुराना व नया ढाबा तालाब के पास, पार्रीनाला के पास, मोतीपुर मुक्तिधाम रोड से बरगाही रोड, नया ढाबा रोड, एकलव्य विद्यालय परिसर, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी इत्यादी क्षेत्रों में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने भ्रमण कर स्थान चयन कर लिया है। बड़ी संख्या में पौधरोपण किए जाने के लिए रूपरेखा भी निर्धारित की जा रही है। आगामी दिनों में यह अभियान शुरू किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। ज्ञात हो कि पूर्व में भी निगम क्षेत्र में पौधरोपण अभियान चलाया जा चुका है।







## खबर संक्षेप

### साइकिल मिलने पर छात्राएं प्रसन्न

**गंडई पंडरिया।** क्षेत्र के ग्राम ढाबा, बागुर और सुखरी स्थित स्कूलों में पहुंचकर अतिथियों ने छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे। उन्होंने कक्षा नवमीं की छात्राओं को राज्य सरकार की योजना के तहत साइकिल सौगात में दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, लीलाराम साहू, भानप्रताप साहू, राकेश जायसवाल, प्रहलाद, टोहर साहू, लिकेश साहू, संजय मनहरे, रतन खांडेकर, महेश वर्मा, हेमंत वर्मा, बोधराज देवांगन, नीलम वर्मा, सेवक जंघेल, नोहर जंघेल, भूपेंद्र, डेविस साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, सदस्य, सरपंच, स्कूल का स्टाफ आदि मौजूद थे।



### राज का प्रयास विद्यालय में चयन



**छुरिया।** भोलापुर निवासी मधुसूदन पांडे के पुत्र राज पांडे का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव में प्रवेश के लिए हुआ है। अपनी मेहनत से राज पांडे ने यह सफलता हासिल की है। वह ज्ञानदायिनी विद्या मंदिर हाई स्कूल भोलापुर के छात्र हैं। विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उसकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### अतिक्रमण की शिकायत एसडीएम से

**डोंगरगढ़।** वार्डवासियों ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाते हुए अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पालिका क्षेत्र स्थित शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण कर कब्जा किया जा रहा है। ज्ञापन में राजेंद्र मिश्रा नामक व्यक्ति पर सड़क के एक हिस्से पर मकान निर्माण करने का आरोप लगाया गया है। मकान के सामने स्थित मंदिर के चबूतरे को घेरने तथा पीछे स्थित भूमि पर भी कब्जा करने की शिकायत की गई है।

### भारी भरकम बिल आने पर नाराजगी

**डोंगरगढ़।** लगातार विद्युत कटौती के बाद जून माह में भारी भरकम राशि का बिल मिलने पर शहर के उपभोक्ताओं ने नराजगी जाहिर की है। उपभोक्ताओं ने बताया कि पूर्व में उनका बिल 5 सौ से 7 सौ तक आता था किन्तु इस बार 12 सौ से 15 सौ तक आया है। 4 हजार तक आने वाला बिल 6 से 7 हजार तक पहुंच गया है। बिल की राशि के अलावा आए दिन होने वाली विद्युत कटौती को लेकर भी लोगो में नाराजगी है। बिजली बंद होने के शिकायत पर कर्मचारी सुधार करने नहीं जा रहे हैं। बताया जाता है कि स्थानीय अधिकारी- कर्मचारी मुख्यालय में रहने के बजाय दौरा करने व्यस्त रहते है जिसके चलते उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान नहीं हो रहा है।

### छात्रों की मौत पर अब तक जवाबदेही तय नहीं

**डोंगरगढ़।** बोरतावल में पिछले सप्ताह 3 स्कूली छात्रों की मौत का मसला अब तक नहीं सुलझा है। प्रारँभिक तौर पर उस रेल्वे ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है जिसने मुरूम खनन के बाद गड्ढे को खुला छोड़ दिया था। वहीं शिक्षा विभाग की लापरवाही भी सामने आई। लोगों का कहना है कि बच्चों और उनके परिजनों को यह नही मलूम था कि शिक्षकों की हडताल के कारण उस दिन स्कूल बंद है। शिक्षकों ने न तो विधिवत अवकाश लिया है और न हीं संकुल समन्वयक ने स्कूल में वैकल्पिक प्रबंध किया। स्कूल बंद होने के कारण छात्र- छात्राएं घूमते फिरते रहे और इसी दौरान यह हादसा हो गया। शिक्षा विभाग की लापरवाही सामने आने के बाद भी प्रशासन और जनप्रतिनिधि मौन है।

### राष्ट्र सेविका समिति ने मनाया संकल्प दिवस

**डोंगरगढ़।** राष्ट्र सेविका समिति ने संस्थापिका लक्ष्मीबाई केलकर की जयंती को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम प्रतिभा वर्मा ने शाखा लगाई। बबिता साहू ने भगवा ध्वज आरोहित किया। वैशाली देशकर ने प्रार्थना करवाया। श्लोक इतिका साहू, अमृतवचन अल्का सहारे एवं गीत- प्रतिभा वर्मा ने प्रस्तुत किया। मुख्यअतिथि संध्या मिश्रा एवं मुख्य वक्ता वैशाली देशकर का परिचय अनुराधा शर्मा ने दिया। मुख्य वक्ता श्रीमती देशकर ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नारी जागरण की पुरोधा लक्ष्मीबाई केलकर कहा करती थीं कि नारी इस राष्ट्र की आधार शक्ति है। आधार सदैव सशक्त हो, संस्कारवान हो, संगठित हो और देशभक्ति से ओतप्रोत हो ताकि गौरवपूर्ण तेजस्वी राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। संचालन अनुराधा शर्मा ने किया।



### बीईओ कार्यालय में पौधरोपण

**डोंगरगढ़।** बीईओ कार्यालय में 25 जुलाई को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। अधिकारियों, कर्मचारियों सहित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के बच्चों ने नीम, आंवला, पीपल, आम, अमरूद, जामुन, बांस, सोनपत्ती, नींबू, सागोन आदि के लगभग 50 पौधे रोपे। इस मौके पर बीईओ श्रीनिवास मिश्रा, उमेश हथेल ने इस अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलसंकट जैसी समस्या से निजात पाने में यह ठोस कदम है। सहायक राज्य आयुक्त दविन्दर सिंह भाटिया ने भी संबोधित किया। इस दौरान देवेन्द्र अम्बादे, मयुख श्रीवास्तव, अमृतदास साहू, प्रणय तांबेकर, बलीराम उइके, प्रमोद सिन्हा, सुधाकर वारेन, संतोष यादव, किरण लिल्हारे आदि मौजूद थे।




### मन की बात का किया श्रवण

**डोंगरगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का जिला भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने श्रवण किया। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल राजपूत, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सौरभ कोठारी, गीता साहू, घांसी साहू, विश्व खांडेकर, अलंकृत शर्मा सहित अन्य शामिल हुए।



### कोड़का में हुआ विकासखंड स्तरीय आयोजन

# 107 पंचायतों में लगाए गए चार हजार से ज्यादा पौधे

## एक पेड़ मां के नाम अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत छुईखदान के अधीन आने वाली 107 ग्राम पंचायतों में अभियान चलाकर पौधरोपण किया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत गोपालपुर के आश्रित ग्राम कोड़का में विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन अंतर्गत 10.52 लाख की लागत से स्वीकृत मिश्रित फलोद्यान रोपण का शुभारंभ किया गया। यहां लगभग 200 पौधों का रोपण किया गया। अभियान अंतर्गत एक दिन में 4 हजार से ज्यादा पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, स्व-सहायता समूहों, युवाओं एवं ग्रामीणों ने अभियान में शामिल होकर पौधरोपण किया। सभी ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।



#### देखभाल भी करें पौधों की

इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा पेड़ लगाकर भूलना नहीं है बल्कि दो साल तक साथ निभाना है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा, सिंचाई और देखभाल भी प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। स्वच्छ पर्यावरण, जल संरक्षण एवं भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण करना चाहिए।

#### अभियान की सराहना

जिला पंचायत सभापति ललित चोपड़ा ने कहा कि विगत दिनों जनपद पंचायत परिसर में आयोजित पौधरोपण के दौरान उन्होंने व्यापक स्तर पर पौध रोपण करने की इच्छा व्यक्त की थी। जनपद पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उस संकल्प को साकार करते हुए सभी 107 ग्राम पंचायतों में अभियान चलाकर पौधरोपण कराया है जो सराहनीय पहल है। इस आयोजन के लिए सीईओ केश्वरी देवांगन ने पूरी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर जनपद सदस्य, सरपंच, जिला पंचायत सदस्य , संदीप वैष्णव सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी के अहाता निर्माण में अनियमितता



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत कटंगी के आंगनबाड़ी क्रमांक 2 में बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया जा रहा है। इस कार्य में अनियमितता बरतकर घटिया निर्माण करने का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता की अनदेखी करने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बाउंड्री वॉल के निर्माण में अत्यंत निम्न स्तर के ईंटों का उपयोग किया जा रहा है। स्थिति यह है कि बारिश का पानी पड़ते ही अधिकांश ईंटें भीगकर गल रहे हैं। इसके अलावा निर्माणधीन दीवार भी सीधी नहीं है और वह एक तरफ झुक चुकी है, जिससे इसकी मजबूती और गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

#### एक लाख स्वीकृत

जानकारी के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग ने मरम्मत कार्य के लिए 1 लाख की स्वीकृतत दी है। कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत द्वारा नियमानुसार मरम्मत कराया गया है या नहीं, यह उच्चस्तरीय जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा, लेकिन वर्तमान में बन रही यह दीवार लंबे समय तक टिकने वाली नहीं है।

#### जांच कराई जाएगी

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी सुनील बंजारे ने कहा कि कार्य में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है, तो आरईएस को पत्र लिखकर जांच कराई जाएगी।

#### राशि रोकने अहाता निर्माण

ग्राम पंचायत कटंगी की सरपंच पियरिया पटेल के प्रतिनिधि जितेंद्र पटेल ने बताया कि मरम्मत के लिए राशि आई थी। उन्होंने पहले ही पंचायत स्तर पर मरम्मत करवा लिया था। शासन से आया पैसा वापस न जाए, इसलिए वह इस राशि से बाउंड्री वॉल का निर्माण करवा रहे हैं।

## ब्लाक के 222 शिक्षकों को अंग्रेजी- गणित का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

संपर्क फाउंडेशन एवं समग्र शिक्षा के तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद स्कूल में विकासखंड स्तरीय संपर्क स्मार्ट शाला गणित एवं अंग्रेजी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें 222 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में जिला मिशन समन्वयक सतीश व्यौहारे, एपीसी श्री मरकाम सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल हुए। शिक्षकों को संपर्क टीवी एवं संपर्क टीएलएम किट के नियमित एवं प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई।

- शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का प्रयास

इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण कर जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने शिक्षकों को प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर राजेश साहू, मैनेजर सुजय विश्वास, विजय अनेस्वरी एवं आनंदा तिवारी ने किया। शिक्षकों को गणित एवं अंग्रेजी के डिजिटल लेसन प्लान, वर्कशीट, आंकलन प्रक्रिया, तेज दिमाग गतिविधियाँ, बी-फिट सहित अन्य का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के आयोजन में अमिताभ दुफारे, डलेश्वर देवांगन, जितेंद्र चौरे, पुष्पांजलि चंद्राकर एवं राजेश देवांगन ने भूमिका रही।

# सड़कों पर मवेशियों का डेरा, आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

सड़कों पर नजर आने वाला मवेशियों का झुंड लोगों के परेशानियों का सबब बना हुआ है। आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में मवेशियों की मौत और लोगों के घायल होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए है वहीं पशुपालक भी अपने मवेशियों को नियंत्रित करने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं।

ग्राम सहित आसपास के गांवों में मवेशियों के झुंड सुबह से रात तक घूमते या सड़कों पर डेरा जमाए देखा जा सकता है। मवेशियों के सड़कों पर जमा रहने से आवागमन तो बाधित होता है साथ ही दुर्घटनाएं भी होते रहती है।

सड़क दुघटनाओं में मवेशियों की मौत भी होती है फिर भी पशु पालक उनकी सुरक्षा को लेकर न कोई विकल्प निकाल रहे है और अपेक्षित प्रबंध कर रहे। देखने मे आता है कि हादसे के बाद पशुपालक क्षतिपूर्ति के लिए दबाव बनाते है कि उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीरता नहीं दिखाते।

#### चारागाह खत्म, कांजी हाऊस बंद

जानकारी के अनुसार शासकीय भूमि और चारागाह की जमीनों पर अतिक्रमण होने के बाद पशुपालकों के सामने चारा की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। वहीं लावारिस मवेशियों को नियंत्रित करने पूर्व में गांवों में संचालित होने वाले कांजी हाऊस भी लगभग बंद हो गए है। पूर्ववर्ती सरकार ने गांवों में गौठान विकसित करने का प्रयास किया था जिस पर सरकार बदलने के बाद ग्रहण लग गया है।

#### शिकायत की अनदेखी

जानकारी के अनुसार पांच दिन पहले गाय की मृत्यु हो गई है। जिसके घर के सामने गाय की मृत्यु हुई है वह पंच से लगातार शिकायत करते आ रहा है लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है जिसके चलते वार्डवासियों में रोष देखा जा रहा है।

#### वाहन चालक परेशान

मवेशियों को खुला छोड़ने से सबसे अधिक परेशानी वाहन चालकों को हो रही है। देर रात तक सड़क पर बैठे मवेशियों के नजर नहीं आने से अक्सर दुर्घटनाएं होते रहती है। लीला, भीखम, अनिल, गगन सहित अन्य ने लोगों को होने वाले नुकसान को देखते हुए मवेशियों को नियंत्रित करने का उपाय करने की मांग की है।

### प्रदर्शन में शामिल हुए कार्यकर्ता

**डोंगरगढ़।** दिल्ली के जंतर-मंतर में आयोजित कांग्रेस के धरना में विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह भाटिया के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। प्रतिनिधि मंडल में मतीन खान, सुमित खोब्रागढ़े, हर्ष खोब्रागढ़े आदि शामिल थे। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कांग्रेस के आंदोलन में उपस्थिति दर्ज कराई।




## पर्यावरण संरक्षण को बनाएं जन आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

रेंगाकठेरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136 वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम के उपरांत ग्राम जंतर में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पौधरोपण किया। इस मौके पर जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात के माध्यम से पर्यावरण, जल संरक्षण, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और जनभागीदारी जैसे विषयों पर लोगों को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी हैं। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में सरपंच मधु यदु, रूपकुमारी चन्द्रवंशी, सुंदर पटेल, ओमेश यदु, लोकेश ठाकुर, उत्तम यदु, हीराराम चन्द्रवंशी सहित अन्य शामिल हुए।



## सम्मेलन में शामिल हुए पुरस्कृत स्काउट-गाइड

**डोंगरगढ़।** एटास इंडिया छत्तीसगढ़ चैप्टर के तत्वावधान में 6 वां राज्य स्तरीय सम्मेलन का दो दिवसीय आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में विभिन्न जिलों के स्काउट-गाइड से जुड़े पदाधिकारी, प्रशिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता तथा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त स्काउट-गाइड शामिल हुए।



बड़ी विशेषता यह रही कि महामहिम राष्ट्रपति से सम्मानित 25 स्काउट-गाइड ने इस आयोजन में हिस्सा लेकर अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनोज अग्रवाल ने मां बम्लेश्वरी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। स्वागत के बाद सेवा भावना और अनुशासन पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुतकिया गया।

उक्त मौके पर श्री अग्रवाल ने कहा कि नगर में राज्य स्तरीय सम्मेलन का होना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड केवल एक संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की ऐसी पाठशाला है, जहां युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भावना का विकास होता है। एटास इंडिया छत्तीसगढ़ चौप्टर के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम प्रकाश शर्मा ने बताया कि एटास इंडिया देशभर के स्काउट-गाइड को एक सूत्र में जोड़ रहा है। स्वागत भाषण देवेंद्र साखरे ने दिया। सम्मेलन में दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर, बस्तर, सरगुजा, कोरबा, राजनांदगांव , बेमेतरा, खैरागढ़ सहित अन्य जिलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अंत में आभार व्यक्त किया गया। राष्ट्रगान के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ।

#### मंदिर में सफाई अभियान

सभी सदस्यों ने ऊपर मंदिर में सेवा कार्य करते हुए कचरा एकत्रित किया। उन्होंने प्रमुख तीर्थ स्थान जाकर आनंद प्राप्त किया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, देवेन्द्र साखरे, डॉ जितेन्द्र साखरे, महेन्द्र साहू विजय सरजारे, धनुष सिन्हा, व्हीव्ही शास्त्री, श्रीकांत रजक, दिलीप पटेल, शिवानी गणवीर, निशा साहू, भूपेन्द्र कुमार, प्रदीप साहू, बोधराज साहू, पिंकी पाटिल, बिंदु दुबे, अर्पणा तिवारी, भीष्म देव, नवीन गौतम, नितिन पाठक आदि शामिल हुए।



## सार समाचार

### 63 बूथों में श्रवण किया गया मन की बात

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136वें एपिसोड का श्रवण उत्तर मंडल के लगभग 24 वार्डों के 63 बूथों में रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी, नवाचार एवं सामाजिक सरोकारों पर व्यक्त प्रेरणादायी विचारों को सभी ने गंभीरता से सुना तथा उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। यह आयोजन संगठन की सक्रियता और जनसंपर्क के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। मन की बात का श्रवण करने अलग-अलग स्थानों पर सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन, सचिन बघेल, पूर्णिमा साहू, रविन्द्र सिंह, मोनू बहादुर सिंह, सुमित सिंह भाटिया, जैसल लाल, अशोक चौधरी, मुकेश बघेल, किशुन यदु, सावन वर्मा, दीपक चौहान, मदन यादव, शिव वर्मा, भीष्म देवांगन, नागेश यदु, तरुण साहू, रघुवीर वाधवा, पप्पी भाटिया, संदीप भट्टाचार्य, चंद्रभान जघेल, विनोद भारती, सज्जन सिंह ठाकुर, शैल यादव, लोकेश जैन, कबीर साहू, गेमू कुंजाम, हैरी जोसेफ, अशोक सिंहा सहित अन्य पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में बूथ व वार्डवासियों के साथ मन की बात का सामूहिक श्रवण किया।

### मंत्री के निर्णय का भाजपा करती है स्वागत : मनोज



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा दिया गया इस्तीफा पूर्णतः देशहित और छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखकर लिया गया एक त्यागपूर्ण और साहसिक निर्णय है। श्री निर्वाणी ने कहा कि भाजपा की सरकार ने हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है। विगत वर्षों में भी भाजपा सरकार ने शिक्षा, सुरक्षा और विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम किए हैं। आज जिस तरह से कुछ देश विरोधी ताकतें छात्रों को आगे करके देश में अराजकता फैलाने का षडयंत्र कर रही थी, उसको विफल करने के लिए यह निर्णय आवश्यक था।

### धर्मेंद्र का इस्तीफा छात्रों के संघर्ष की जीत : ऋषि

**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को देश के करोड़ों छात्रों, युवाओं और लोकतांत्रिक संघर्ष की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि यह छात्रों की एकजुटता, जनदबाव और लोकतांत्रिक तरीके से उठाई गई आवाज का परिणाम है। श्री शास्त्री ने कहा कि अब छत्तीसगढ़ सरकार को भी प्रदेश के विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पूरा करने वाले विद्यार्थियों के लिए एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम अब तक लागू नहीं किया गया है। इसके कारण प्रदेश के हजारों छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों के साथ नीति नहीं, बल्कि राजनीति कर रही है।



### तीरंदाजी संघ के 5 खिलाड़ियों ने जीता पदक

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी तीरंदाजी संघ जिला इकाई राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले का नाम गौरवान्वित किया है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित रायपुर रीजनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में राजनांदगांव केन्द्रीय विद्यालय के



खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते 5 खिलाड़ियों ने पदक अपने नाम किए। एनआईएस कोच राहुल साहू ने बताया कि रीजनल तीरंदाजी प्रतियोगिता के अंडर-19 इंडियन राउंड में संस्कार वर्मा प्रथम, विशेष यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अंडर-19 कंपाउंड राउंड में मयंक कुमार सिन्हा प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 इंडियन राउंड में यशराज कावरे द्वितीय, वसुधा गुप्ता द्वितीय स्थान पर रही। कोच श्री साहू ने बताया कि संस्कारधानी तीरंदाजी संघ की ओर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने जिला, संभाग, रीजनल, जोन आदि तीरंदाजी प्रतियोगिता में चयनित होकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बना लिए हैं, उन्हें एबीस राजनांदगांव द्वारा विशेष प्रशिक्षण हेतु आर्थिक मदद की घोषणा की है।

### सीएम हेल्प लाइन में शिकायत फिर भी कार्रवाई नहीं

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री हेल्प लाइन में शिकायत के बाद भी संबंधित अधिकारी द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने और शिकायतकर्ता के साथ दुर्व्यवहार के मामले को लेकर पीड़ित द्वारा कलेक्टर से कार्रवाई को लेकर शिकायत की गई है। डोंगरगांव निवासी शिकायतकर्ता कल्याण सिंह रावटे ने बताया नगर पालिका परिषद क्षेत्र अंतर्गत कुछ लोगों द्वारा नाली के उपर किए गए अतिक्रमण, वाहनों को बीच रास्ते में धोने, सड़क पर ही कुत्तों को नहलाने और खाना देने, अवैध रूप से स्टोर गोडाउन का संचालन करने और आम रास्ते में लगाए गए नल को बंद करने के संबंध में उनके द्वारा मुख्यमंत्री हेल्प लाइन में शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिस पर कार्रवाई के लिए आदेश के बाद भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री हेल्प लाइन में किए गए शिकायत का निराकरण नहीं किया गया। उनके द्वारा अनावश्यक रूप से दुर्व्यवहार किया गया। मामले में उन्होंने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत करते मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर कार्रवाई करने मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर भूख हड़ताल करने चेतावनी दी है।

### मन की बात देश की एकता के लिए समर्पितः महापौर

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम के 136वें एपिसोड का लाईव प्रसारण देखा। एपिसोड



की समाप्ति पर महापौर ने पीएम मोदी के इस जनसंवाद कार्यक्रम को प्रेरणास्पद, बहुप्रतिक्षित एवं देश की एकता, समृद्धि एवं समग्र विकास के लिए समर्पित कार्यक्रम बताया। उन्होंने ''मन की बात'' के आज के एपिसोड के बारे में बताया कि आज प्रधानमंत्री ने मुख्य रूप से देशवासियों को संबोधित करते कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर बधाई देते देश के वीर सैनिकों की शहादत को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहे लोगों की प्रशंसा की एवं इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाने एवं अपनाने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने चर्चा उठाते आत्मनिर्भर भारत बनाने का आव्हान किया और देशवासियों को जिनौर जिले के लखीवाला गांव की महिलाओं द्वारा शुरू किए गए स्टार्टअप का उदाहरण दिया। हिम्मत एवं जज्बे की सराहना की।

## राकेश की रिट याचिका में खरीदी वैध, अंतरिम राहत नहीं

# एडवर्ड पार्क विवाद पहुंचा हाईकोर्ट निर्माण रोकने के नोटिस को चुनौती

### हाईकोर्ट में अभी तक किसी प्रकार की स्टे पारित नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

बहुचर्चित एडवर्ड पार्क भूमि विवाद ने अब न्यायिक मोड़ ले लिया है। विवादित प्लॉट क्रमांक 114/12 और 115/12 पर निर्माण कार्य रोकने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा 12 जून 26 को यथास्थिति बनाए रखने के नोटिस को चुनौती देते हुए पार्क मे जमीन खरीदने वाले राकेश जैन ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की है। याचिका में नगर पालिका की कार्रवाई को विधि विरुद्ध बताते हुए नोटिस निरस्त करने और अंतिम निर्णय तक निर्माण कार्य जारी रखने की अनुमति देने की मांग की गई है हालांकि, उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार हाईकोर्ट ने अभी तक किसी प्रकार की अंतरिम राहत या स्टे आदेश पारित नहीं किया है।



#### हाईकोर्ट से नोटिस निरस्त करने और स्टे की मांग

याचिका में हाईकोर्ट से प्रार्थना की गई है कि नगर पालिका द्वारा जारी 12 जून 26 की नोटिस को निरस्त किया जाए, प्रतिवादियों से पूरा रिकॉर्ड तलब किया जाए और अंतिम निर्णय तक नोटिस के प्रभाव पर रोक लगाकर निर्माण कार्य जारी रखने की अनुमति दी जाए। इसके लिए अंतरिम राहत का अलग आवेदन भी प्रस्तुत किया गया है हालांकि उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार अभी तक हाईकोर्ट ने किसी प्रकार का अंतरिम स्टे या राहत प्रदान नहीं की है और मामला विचाराधीन है और हाईकोर्ट मे दायर याचिका को स्टे बताकर धड़ल्ले से काम कराया जा रहा है।

#### 2023 में खरीदी जमीन, नपा से मिली थी एनओसी

याचिका अनुसार राकेश जैन ने 14 फरवरी 23 को राजकुमारी स्मृति देवी सिंह से लगभग 4,173 वर्गफुट भूमि पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से खरीदी थी। इसके बाद राजस्व विभाग में नामांतरण की प्रक्रिया पूरी हुई और संबंधित भूमि प्लॉट क्रमांक 114/12 और 115/12 के रूप में दर्ज हुई। याचिकाकर्ता का कहना है कि सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नगर पालिका परिषद ने 6 अक्टूबर 23 को भवन निर्माण की अनुमति प्रदान की, जिसके लिए 38 हजार 570 का निर्धारित शुल्क भी जमा कराया गया। अनुमति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया गया, लेकिन नगर पालिका ने 12 जून 26 को नोटिस जारी कर यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। नोटिस में उल्लेख किया गया कि प्लॉट क्रमांक 114 और115 से संबंधित समाचार-पत्रों में प्रकाशित खबरों व प्राप्त शिकायत आधार पर जांच समिति गठित की गई है। जांच पूरी होने तक निर्माण कार्य रोकने का निर्देश दिया गया। नपा के इसी नोटिस को याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

#### याचिका में उठाया कानूनी तर्क

याचिकाकर्ता का दावा है कि भूमि का स्वामित्व पंजीकृत विक्रय विलेख, नामांतरण और राजस्व अभिलेखों से स्पष्ट है। नगर पालिका ने स्वयं भवन निर्माण की अनुमति जारी की थी इसलिए बाद में केवल समाचार-पत्रों में प्रकाशित खबरों अथवा शिकायतों के आधार पर निर्माण रोकना कानूनसम्मत नहीं है। याचिका में यह भी कहा गया है कि शिकायतों की प्रतियां उपलब्ध नहीं कराई गईं और सुनवाई का समुचित अवसर भी नहीं दिया गया। साथ ही यह दावा किया गया है कि अब तक किसी सक्षम न्यायालय या राजस्व प्राधिकारी ने भूमि के स्वामित्व अथवा विक्रय को अवैध घोषित नहीं किया है। निर्माण रुकने से आर्थिक नुकसान होने और बारिश के कारण निर्माण सामग्री प्रभावित होने की आशंका भी याचिका में व्यक्त की गई है।

## डोंगरगांव में आत्मरंजन चातुर्मास का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

श्वेताम्बर जैन समाज के लिए आध्यात्मिक साधना का



महापर्व आत्मरंजन चातुर्मास का शुभारंभ कल मंगलवार से होगा। श्री शांतिनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर में विराजित साध्वी आज्ञांजनाश्रीजी म.सा. एवं साध्वी आगमरूचि श्रीजी म.सा. (आदि ठाणा–2) के पावन सान्निध्य में आगामी चार माह तक प्रतिदिन धर्म, स्वाध्याय, तप, आराधना एवं आत्मचिंतन के विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

चातुर्मास समिति एवं सकल जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ के अनुसार प्रतिदिन प्रातः 6 बजे पांच महास्त्रोतों के मंत्रोच्चार के साथ परमात्मा का दिव्य अभिषेक एवं पूजन होगा। इसके पश्चात प्रातः 8.30 बजे से 9.30 बजे तक साध्वीश्री का मंगल प्रवचन होगा, जिसमें धर्म, संयम, आत्मकल्याण एवं व्यवहारिक जीवन से जुड़े प्रेरक संदेश दिए जाएंगे। महिलाओं के लिए प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे से 3.30 बजे तक स्वाध्याय का विशेष आयोजन होगा। वहीं नई पीढ़ी में धार्मिक संस्कारों के संवर्धन हेतु दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक बच्चों की धर्म कक्षा आयोजित की जाएगी। सायंकाल 6.30 बजे से प्रतिक्रमण के माध्यम से आत्मचिंतन एवं आत्मशुद्धि की आराधना होगी।

#### आत्म जागरण का अवसर

साध्वी आज्ञांजनाश्रीजी म.सा. ने अपने प्रथम उद्बोधन में चातुर्मास को आत्म जागरण का सर्वोत्तम अवसर बताते हुए सभी श्रावक-श्राविकाओं से अधिक से अधिक धर्म लाभ लेने का आह्वान किया था। वहीं साध्वी आगमरूचि श्रीजी म.सा. ने विनय, विवेक, विद्या और उत्तम व्यवहार को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया। सकल जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ एवं चातुर्मास समिति ने समाज के सभी वर्गों से प्रतिदिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में नियमित सहभागिता कर धर्म, स्वाध्याय, आराधना एवं आत्मकल्याण का लाभ लेने की अपील की है।

## 31 तक गैर ऋणी किसान कराएं पीएम फसल बीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

खरीफ मौसम 2026 में एल नीनो के संभावित प्रभाव के कारण अनियमित वर्षा, अल्पवृष्टि, सूखा, अतिवृष्टि व अन्य प्राकृतिक आपदाओं की आशंका को देखते हुए जिले के सभी गैर ऋणी किसानों से 31 जुलाई तक पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कराने की अपील की गई है।

जिले में पीएम फसल बीमा योजना के तहत अब तक 37 हजार 953 किसानों ने 53 हजार 790 हेक्टेयर क्षेत्र का फसल बीमा कराया है। इनमें 6 हजार 414 गैर ऋणी कृषकों ने भी योजना का लाभ उठाते हुए अपनी फसलों को प्राकृतिक जोखिमों से सुरक्षित किया है। कृषि विभाग उपसंचालक राजकुमार सोलंकी ने शेष पात्र गैर ऋणी किसानो से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना शीघ्र ही अपना फसल बीमा कराएं। बीमा के लिए किसान अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर, अधिकृत बैंक शाखा अथवा अन्य अधिकृत माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

#### फसल सुरक्षा का अवसर

बीमा प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि अभिलेख, बोनी संबंधी विवरण सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ रखना अनिवार्य है, ताकि आवेदन प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो। पीएम फसल बीमा योजना खरीफ 26 अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित है। इसके बाद किसी भी प्रकार के बीमा प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा इसलिए सभी पात्र गैर ऋणी कृषकों से समय-सीमा के भीतर योजना का लाभ लेकर अपनी फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले आर्थिक नुकसान से सुरक्षित करने की अपील की गई है।

## प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

### शिक्षा और करियर पर विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

लोधी क्षत्रिय एम्पलाइज एंड इंटेलेक्चुअल एसोसिएशन की जिला इकाई ने स्थानीय कृषि उपज मंडी में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन समाज के मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने और उन्हें उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार और करियर निर्माण का मार्गदर्शन देने के लिए किया गया था।

आयोजन के दौरान आयोजित करियर गाइडेंस सत्र में दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव के प्रो डॉ. डाकेश्वर वर्मा, बीएमओ साजा डॉ.अश्वनी वर्मा ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, समय प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बच्चों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



#### अतिथियों ने दिया शिक्षा पर जोर

कार्यक्रम में विधायक यशोदा निलांबर वर्मा, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, गिरवर जंघेल, जिला लोधी समाज अध्यक्ष उत्तम जंघेल, जनपद उपाध्यक्ष राजू जंघेल और लोधी समाज के संरक्षक मोतीलाल जंघेल शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि समाज की उन्नति शिक्षा के माध्यम से ही संभव है, और ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आगे बढ़ने की ऊर्जा का संचार करते हैं।

#### इनकी रही उपस्थिति

समारोह में लक्ष्य छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष चैनदास जंघेल, उपाध्यक्ष दुर्जन जंघेल, संयोजक कोमल नारायण वर्मा, संरक्षक मोरेश्वर वर्मा, जिला अध्यक्ष अवध चंदेल, रोहित जंघेल, उपाध्यक्ष नोहरू वर्मा, सचिव यशवंत वर्मा, प्रचार सचिव महेश वर्मा, कोषाध्यक्ष कुंभलाल जंघेल, सर्किल अध्यक्ष भिखेन्द्र जंघेल, अशोक वर्मा, मोहन जंघेल एवं राधेलाल वर्मा का विशेष योगदान रहा।

#### पुरस्कार से मेधावियों का सम्मान

समारोह में कक्षा 10 वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल और मोमेंटो प्रदान किया गया। इसके अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय एवं प्रयास आवासीय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों सहित लगभग 320 बच्चों को सम्मानित किया गया। बीमा सलाहकार रोहित जंघेल ने 10वीं की लीना जंघेल और कक्षा 12वीं के राहुल वर्मा को 5-5 हजार प्रदान किया। इसी प्रकार समाजसेवी मन्नू चंदेल ने 12वीं में प्रथम शिवानी वर्मा को 5 हजार नकद देकर प्रोत्साहित किया गया।

### आमसभा 2 को

**राजनांदगांव।** जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के आगामी कार्यकाल के लिए नवीन कार्यकारिणी के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित तिथि पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए निर्वाचन संपन्न कराया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप संपन्न कराने गुणेंद्र साव वरिष्ठ अधिवक्ता को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्ति किया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 30 जुलाई को कार्यालय छत्तीसगढ़ हॉकी स्थान म्युनिसिपल स्कूल परिसर में नामांकन पत्र प्राप्त करने, नामांकन जमा करने, जांच करने की प्रक्रिया की जाएगी। 31 जुलाई को नाम वापसी, 01 अगस्त को कार्यालय छत्तीसगढ़ हॉकी अंतिम प्रत्याशी सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके उपरांत आवश्यक होने पर 2 अगस्त को मतदान एवं मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता ने पात्र सदस्य इकाइयों एवं मतदाताओं से निर्धारित समय-सीमा के भीतर निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से गठित नई कार्यकारिणी जिले में हॉकी के विकास, खिलाड़ियों के हितों की रक्षा तथा खेल गतिविधियों के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करेगी। जिला हॉकी संघ ने सदस्यों से अपील की है कि वे निर्वाचन कार्यक्रम का पालन करते निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### जन्मदिन पर अथर्व ने किया पौधरोपण

**राजनांदगांव।** जन्मदिन को सामाजिक सरोकार से जोड़ते एनपीपीएस के कक्षा पहली के छात्र अथर्व रजक ने अपने जन्मदिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेते सभी लोगों से अपने जीवन के विशेष अवसरों पर पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान अथर्व रजक ने विद्यालय के प्राचार्य को सप्रेम एक पौधा भेंट किया तथा अपनी कक्षा शिक्षिका मीनाक्षी पांडेय के साथ विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस पहल की विद्यालय परिवार ने सराहना करते इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायी कदम बताया। एनपीपीएस परिवार ने अथर्व रजक पिता लोकेश रजक को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि जन्मदिन जैसे



विशेष अवसरों को पौधरोपण जैसे रचनात्मक कार्यों से जोड़ना समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। अथर्व रजक ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### सैनिकों की वजह से ही शांति एवं अमन से जी रहे हैं

# कारगिल युद्ध में सैनिकों ने देशसेवा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया : मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कारगिल युद्ध में विजय दिलवाने वाले बहादुर सैनिकों एवं शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं, जिन्होंने देश की सेवा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी ही वजह से हम अपने शहर व देश में शांति एवं अमन के साथ जी रहे हैं। उक्ताशय के विचार महापौर मधुसूदन यादव ने मुख्य अतिथि की आसंदी से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छग के कार्यालय उद्घाटन समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आप सैनिकों ने हमेशा देश को दिया है, आपके द्वारा कार्यालय भवन की आवश्यकता से अवगत कराया गया था, जिसे आज कारगिल विजय दिवस पर आप सभी को समर्पित करते हुए हर्ष एवं गर्व का अनुभव कर रहा हूं।



उल्लेखनीय है कि कारगिल विजय दिवस पर जिले के पूर्व सैनिकों के लिए प्यारेलाल स्कूल मैदान परिसर में महापौर द्वारा कार्यालय भवन उपलब्ध कराया गया है। जिसका उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में महापौर के साथ टोपेन्द्र वर्मा, संतोष पिल्ले, एसी पंत, जीआर देवांगन, डॉ. केएल टांडेकर, मनोहर यादव, हर्ष रामटेके उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्षता अशोक झा ने की। आयोजन समिति की ओर से मार्गदर्शक संरक्षकगण कैप्टन विनोद रजक, गुमान दास साहू, गुरमीत भाटिया, बसंत रावटे, जिला संयोजक संतोष सिंह, सदस्यगण उमेश गंगबेर, संजय पवार, उमा कुमार सिन्हा, गजेन्द्र लंबट, राकेश नील कुसुम, गंजीर, अमर साव, ईश्वर सिंह जागृत, चिमनलाल साहू, युगल किशोर वर्मा, जयंत वर्मा, विनोद यादव, कलीराम ठाकुर, भानुराम ठाकुर, पीयूष साव, कन्हैयालाल साव, कृष्णा साहू, शंकरलाल ध्रुव, घनश्याम कुमार साहू, वर्षा रावटे, संगीता साहू, मीनेश्वरी साहू, ठगिया साहू, द्रौपती साहू, चंदारानी, सुनीता राव, कल्पना झा, शिवानी साहू, शीतल सिन्हा, सावित्री रजक सहित जिले के भूतपूर्व सैनिकगण उपस्थित रहे।

#### शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

आयोजन में मां भारती के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पांजलि पश्चात कारगिल दिवस के उपलक्ष्य में देश के वीर शहीदों की शहादत को नमन करते श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नवीन भवन का उद्घाटन महापौर मधुसूदन यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने सभा को संबोधित किया। पार्षद संतोष पिल्ले ने कहा कि महापौर, निगम अध्यक्ष एवं वे स्वयं इस वार्ड में पूर्व में पार्षद रह चुके हैं एवं उनके वार्ड में भूतपूर्व सैनिकों का कार्यालय बनाया जाना हर्ष की बात है। भूतपूर्व सैनिकों को पूरा सहयोग दिया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी एसी पंत ने सैनिकों के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी दी।



# राजनांदगांव जिले ने जीती कुपोषण के खिलाफ बड़ी जंग

# 299 आंबा कुपोषण मुक्त, 1184 केंद्रों में गंभीर कुपोषित बच्चे नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कुपोषण मुक्त राजनांदगांव की दिशा में जिला प्रशासन को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) तथा पोट्ठ लईका अभियान के संयुक्त एवं सतत प्रयासों से जिले के 299 आंगनबाड़ी केंद्र पूर्णतः कुपोषण मुक्त हो गए हैं। इसके साथ ही जिले के 1184 आंगनबाड़ी केंद्रों में अब एक भी गंभीर कुपोषित अथवा गंभीर कम वजन श्रेणी के बच्चे नहीं है।

यह उपलब्धि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और समन्वित कार्य संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आई है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में बच्चों के सुपोषण की दिशा में मिशन मोड में कार्य किए गए। कुपोषण के खिलाफ टीमवर्क, जनभागीदारी और सतत प्रयासों के सुखद परिणाम प्राप्त हुए। जिले के प्रत्येक बच्चे को लक्षित करते स्वस्थ, सुपोषित और सुरक्षित भविष्य प्रदान करने के लिए कारगर प्रयास किए जा रहे हैं।



### अब मध्यम कुपोषण पर होगा विशेष फोकस

जिले में वर्तमान में 1514 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। जिला प्रशासन ने अब शेष मध्यम कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें सामान्य श्रेणी में लाने विशेष रणनीति तैयार की है। लक्ष्य है कि 15 अगस्त 2026 तक 350 और आंगनबाड़ी केंद्र तथा 2 अक्टूबर 2026 तक 551 आंगनबाड़ी केंद्र पूर्णतः कुपोषण मुक्त घोषित किए जाएं। प्रशासन का उद्देश्य जिले के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को कुपोषण मुक्त बनाना है।

### घर-घर पहुंची पोषण की मुहिम, मिला सकारात्मक परिणाम

इस सफलता के पीछे विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय, सतत निगरानी और जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गर्भवती एवं शिशुवती माताओं की नियमित काउंसलिंग कर उन्हें संतुलित आहार, स्तनपान एवं शिशु देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। पोट्ठ लईका अभियान के तहत घर-घर जाकर बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग, नियमित फॉलोअप एवं आवश्यक मार्गदर्शन सुनिश्चित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से टेक होम राशन का नियमित वितरण तथा पोषण शिक्षा प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया। वहीं एनआरएलएम की समूह दीदियों ने रेडी-टू-ईट पोषण आहार तैयार करने, पोषण जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक सहयोग को मजबूत बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

## सार समाचार

### तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 1 अगस्त से



**राजनांदगांव** । नगर की न्यू खंडेलवाल कॉलोनी गली नंबर 3 स्थित राम-लक्ष्मण वाटिका में पवित्र श्रावण मास में शिवगणों सहित भोलेनाथ की प्राण - प्रतिष्ठा शुभ मुहूर्त में 1 से 3 अगस्त तक तीन दिवसीय आयोजन के रूप में की जाएगी । वैदिक मंत्रों के बीच शोभायात्रा तथा धार्मिक अनुष्ठान पुरोहितों द्वारा सम्पन्न कराए जाएंगे। भगवान भोलेनाथ की शिवगणों सहित प्राण - प्रतिष्ठा समारोह समिति के संरक्षक , नगर निगम में प्रतिपक्ष के नेता संतोष पिल्ले एवं वार्ड पार्षद श्रीमती संगीता युधिष्ठिर देवांगन ने बताया कि प्राण - प्रतिष्ठा अवसर पर 1 अगस्त श्रावण कृष्ण पक्ष तृतीया तिथि पर शोभा यात्रा एवं वेदी स्थापना पुरोहितों द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी। इसी तरह 2 अगस्त रविवार चतुर्थी तिथि पर भगवान का अन्नाधिवास एवं शैयाधिवास तथा 3 अगस्त श्रावण मास के प्रथम सोमवार को अभिजीत मुहूर्त में प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रों के साथ संपन्न होगी । इसी दिन शिव भक्त भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद के साथ महाप्रसादी भी ग्रहण कर सकेंगे।

### 29 को गुरू पूर्णिमा महोत्सव



**राजनांदगांव**। तुलसीपुर स्थित श्री सांईनाथ पीर पैगम्बर दरबार सांई मंदिर में गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आगामी 29 जुलाई को सुबह 8 बजे श्री रघुनाथ प्रसाद महाराज के सानिध्य में वैद्धिक मंत्रोच्चारण के साथ मां दुर्गा एवं श्री सांई बाबाजी का महाभिषेक किया जाएगा। दोपहर 12 बजे महाआरती, दोपहर 3 बजे से महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन, संध्या 6.30 बजे संदल का कार्यक्रम के पश्चात 7.30 बजे आरती एवं रात्रि 8 से 10.30 बजे तक प्रसाद वितरण होगा। रात्रि 9 बजे से विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा भजन-कीर्तन का कार्यक्रम होगा।

### सिंधी समाज मना रहा झूलण जो चालीहो महोत्सव




**राजनांदगांव**। सिंधी समाज द्वारा 16 जुलाई से 24 अगस्त तक पूज्य चलीहो महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 40 दिन तक साई श्री झूलेलाल के भजन-कीर्तन, हर-हर झूलेलाल, घर-घर झूलेलाल का आयोजन किया जाता है। 25 जुलाई को रिद्धी-सिद्धी सिंधी समाज द्वारा चालीहो महोत्सव का आयोजन किया गया था। रिद्धी-सिद्धी सिंधी समाज के अध्यक्ष रमेश गंगवानी व सचिव शंकर ज्ञानचंदानी ने बताया कि चालीहा महोत्सव सिंधी समाज का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो 40 दिनों तक मनाया जाता है। इस दौरान सिंधी समुदाय भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना करता है और 40 दिनों का व्रत रखता है। इस त्यौहार में बहराणा साहब की विशेष पूजा की जाती है और जुलूस निकाले जाते हैं। सिंधी समाज के लोग भगवान झूलेलाल से अच्छी बारिश और सुख-समृद्धि की प्रार्थना करते हैं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बच्चों के साथ-साथ मुख्य रूप से लकी रूपवानी, रमेश नारायणी, सुनील लेखवानी, घनश्याम वाधवानी, डॉ. कलतार कंजवानी, डॉ. मुरली शर्मा, विक्की वाधवानी, बृजलाल वाधवानी, घनश्याम गंगवानी, परमेश्वर वाधवानी, कपिल अंदानी, घनश्याम वाधवानी, अंकित दरयानी, पंकज गंगवानी आदि उपस्थित रहे।

### समरसता संकल्प अभियान आयोजित



**राजनांदगांव**। भाजपा कार्यालय में सोमवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वी जयंती पर समरसता संकल्प अभियान का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संत गुरु रविदास के जीवन दर्शन, सामाजिक समरसता एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जो एक वैचारिक आंदोलन भी है। यह वैचारिक आंदोलन हमें निरंतर प्रेरित करता है कि समाज को आपस में कैसे जोड़ा जाए? जिला संगठन प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने 29 जुलाई से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने भी संत रविदास के विषय में जानकारी देते बताया कि स्कूल के पाठ्यक्रम में संत रविदास के विषय में उन्होंने पढ़ा था कि उन्होंने अपने विचारों और कर्मों से समाज में व्याप्त उच्च नीच एवं भेदभाव को समाप्त करने का संदेश दिया तथा राजा और रंक के बीच के भेद को मिटाकर समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डीकेश साहू एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक प्रशांत कोडापे ने किया। इस अवसर पर योगराज जगने, खूबचंद पारख, शशिकांत द्विवेदी, योगेशदत्त मिश्रा, कोमल सिंह राजपूत, जितेंद्र वर्मा, सौरभ कोठारी, डिकेश साहू, लक्की भाटिया, किरण वैष्णव, पूर्णिमा साहू, जैन मेश्राम, कैलाश शर्मा, मूलचंद लोधी, ऋषिदेव चौधरी, रामकुमार गुप्ता, तरुण लहरवानी, जैसल लाल, विजय रॉय, योगेश भाई, अशोक मानकर, द्वारका चंद्रवंशी, रवि सिन्हा, राजा माखीजा, गोपाल भुआर्य, त्रिगुण टांक, हरीश शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ज्ञानेश्वरी ने कॉमनवेल्थ गेम्स में जीता रजत पदक



**राजनांदगांव**। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में राजनांदगांव की प्रतिभाशाली खिलाड़ी सुश्री ज्ञानेश्वरी यादव द्वारा रजत पदक जीतकर देश एवं छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। डॉ. रमन सिंह ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि "कॉमन वेल्थ गेम्स 2026 में हमारे राजनांदगांव की होनहार बेटी और खेलो इंडिया की एथलीट ज्ञानेश्वरी यादव जी ने वेटलिफ्टिंग में रजत पदक जीतकर पूरे विश्व में छत्तीसगढ़ महतारी का मान बढ़ाया है। उनकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि देश के प्रत्येक युवा खिलाड़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस शानदार सफलता पर उन्हें हृदय से बधाई एवं सफलताओं के नव भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएँ। हम सभी को विश्वास है कि आप आगे भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश और प्रदेश का नाम रोशन करती रहेंगी।" इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने रजत पदक विजेता ज्ञानेश्वरी यादव को फ़ोन पर बधाई देकर उनकी सराहना की और उनके परिजनों को इस सफलता पर अनेकानेक शुभकामनाएं व्यक्त की हैं। आपको बता दें कि कुछ माह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ रमन सिंह अपने स्वेच्छानुदान मद से सुश्री ज्ञानेश्वरी यादव को उनके खेल प्रशिक्षण एवं प्रतियोगी तैयारियों के लिए रुपए 1,00,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की थी, ताकि वे बिना किसी बाधा के अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ सकें। इसके साथ ही पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 5 लाख रुपये की सहायता ज्ञानेश्वरी यादव को उपलब्ध करवाई गई थी। आज उनकी यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि प्रतिभा को समय पर मिला सहयोग और निरंतर परिश्रम मिलकर बड़े से बड़े सपनों को साकार कर सकते हैं। महापौर मधुसूदन यादव ने भी इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## बाल संरक्षण कानून की रीढ़ है बच्चों का सर्वोत्तम हित : शरद



**राजनांदगांव**। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक नेहा पांडे के नेतृत्व और उप पुलिस अधीक्षक मीना चौधरी व बृजेश भदौरिया के मार्गदर्शन में आरक्षक, प्रधान आरक्षक व सहायक उप निरीक्षकों को छग राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शरद श्रीवास्तव द्वारा किशोर न्याय अधिनियम व लैंगिक शोषण से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 पर प्रशिक्षण दिया गया।

स्थानीय पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में राज्य के आठ जिलों के कुल पैसठ आरक्षक, प्रधान आरक्षक और सहायक उप निरीक्षकों के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण के दौरान छग राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शरद श्रीवास्तव द्वारा बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम और लैंगिक शोषण से बालकों का संरक्षण अधिनियम विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। उचित देखभाल व संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे और विधि विवादित बच्चों के प्रकरणों पर पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्रवाई पर विस्तार से जानकारी दी गई। किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति एवं जिला बाल संरक्षण इकाई की शक्तियों, कार्यों एवं प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया। अट्ठारह वर्ष से कम उम्र के बच्चों से संबंधित प्रकरणों में पुलिस को आने वाली समस्याओं पर भी समूह चर्चा कर उनके सवालों का जवाब दिया गया।

## महावीर कल्पवृक्ष सोसाइटी में वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महावीर कल्पवृक्ष सोसाइटी में 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पार्षद अमित कुशवाहा के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। सोसाइटी अध्यक्ष अशोक पारख ने अपने स्वागत उदबोधन में सोसाइटी के बारे में जानकारी दी।

सांसद संतोष पांडे ने भारतीय संस्कृति और पेड़ों के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। महापौर मधुसूदन यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि यहां के पौधों की 100 प्रतिशत देखरेख होगी और प्रत्येक पौधा पेड़ बनेगा। पार्षद श्री कुशवाहा ने बताया कि यह उसके वार्ड के लिए गर्व का



विषय है कि इतना सुंदर आयोजन सोसाइटी द्वारा किया गया। रूपचंद भीमनानी एवं हरीश जोशी ने भी वृक्षारोपण किया। आयोजन प्रभारी सुभाष अग्रवाल, प्रकाश बाफना के अतिरिक्त राजेश जैन, अरविंद ठक्कर ने भी पेड़ों की सुरक्षा की बात रखी।इस अवसर पर लगभग 150 पौधों का रोपण किया गया। आने वाले दिनों में भी यह क्रम जारी रहेगा। पन्नालाल जैन द्वारा फलों के नाश्ते का प्रबंध किया गया था। लोगों में नरेंद्र लुनिया, प्रकाश जैन, प्रदीप कोटड़िया, संजय ललवानी, दिनेश चौरड़िया, सुशील अग्रवाल, जेठालाल जैन, मयंक अग्रवाल, दयाशंकर जायसवाल, चिराग माहेश्वरी, आनंद गुप्ता तथा महिला मंडल ग्रुप से वर्षा अग्रवाल, गीता बाफना, कविता कोटड़िया, प्रीति कोठारी, राजश्री गोलछा, माया अग्रवाल, खुशबू सोनी, ज्योति ठक्कर, मोहनी पोरवाल, पायल ओस्तवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुभाष अग्रवाल एवं आभार आकाश चोपड़ा ने किया। सोसाइटी के सचिव अनिल पारख ने यह जानकारी विज्ञप्ति जारी कर दी।

## श्रावण में गूंजेगी शिव आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री सत्यनारायण मंदिर में श्रावण मास अवसर पर 30 जुलाई से 28

■ श्री सत्यनारायण मंदिर में 30 से आयोजन

अगस्त तक संस्कार शिक्षा शिव आराधना महामहोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन स्फटिक शिवलिंग का विधिवत रुद्राभिषेक, मंत्रोच्चार एवं शिव पूजन विद्वान आचार्यों के सान्निध्य में संपन्न होगा। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने बताया कि श्रावण मास के समापन अवसर पर 29 अगस्त को सुबह 10 बजे से पूर्णाहुति हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा संस्कार शिक्षा के संकल्प के साथ यह विशेष अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा। इसी के साथ एक माह तक चलने वाला संस्कार शिक्षा शिव आराधना महामहोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में संपन्न होगा। उपरोक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## गौ माता को राष्ट्रमाता बनाने निकली जागरूकता यात्रा



**राजनांदगांव**। गौरक्षा, गौ सम्मान, गौ हत्या बंद करने और गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर शहर में सैकड़ों गौ भक्तों ने गौ सम्मान आव्हान अभियान यात्रा निकाली। इस यात्रा के माध्यम से जागरूकता फैलाई गई। शहर के महावीर चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान अभियान के तहत कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सैकड़ों गौभक्त शामिल होते हुए गौमाता को राष्ट्र माता बनाने नारे लगाए। इस दौरान इस अभियान के तहत जिलेभर में चलाई गई जागरूकता में गौमाता को राष्ट्रभाषा बनाने लगभग साढ़े तीन लाख हस्ताक्षर कलेक्टोरेट कार्यालय में सौंपा गया।

### विभिन्न मार्गों से निकली सम्मान यात्रा

यात्रा दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से होकर भगत सिंह चौक, गुड़ाखू लाइन, आजाद चौक, सिनेमा लाइन, गुरुद्वारा चौक होते हुए कलेक्टोरेट पहुंचकर संपन्न हुई, जहां सैकड़ों गौ भक्तों ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा। इस यात्रा में राजू डागा, राजकुमार तिवारी, अनूप श्रीवास, लाल मुनाई सहित बड़ी संख्या में गौसेवक एवं गौभक्त महिलाएं शामिल हुई।

### सौंपा गया साढ़े तीन लाख हस्ताक्षर

यात्रा को लेकर राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के पहले चरण के तहत 27 अप्रैल को तहसील स्तर पर ज्ञापन सौंपा गया और आज जिला स्तर पर सभी ब्लॉकों से हुए हस्ताक्षर अभियान को कलेक्टर के माध्यम से गौमाता को राष्ट्रमाता बनाने सौंपा गया है।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव के लिए रमन को दिया आमंत्रण

**राजनांदगांव**। श्री सांई सेवा धर्मार्थ संस्थान द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव 2026 के अवसर पर 29 एवं 30 जुलाई को राजनांदगांव में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सांई बाबा की पालकी, आरती, अभिषेक तथा भव्य भंडारे का आयोजन होगा। आयोजन में शामिल होने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को भी आमंत्रण दिया गया है।

श्री सांई सेवा धर्मार्थ संस्थान एवं उमंग गणेश उत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में 29 एवं 30 जुलाई को हमालपारा शनि मंदिर रोड स्थित सांई मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 29 जुलाई को सुबह 7 बजे सांई बाबा की विशेष



आरती एवं अभिषेक होगा। वहीं संध्या 7 बजे बाबा की भव्य पालकी यात्रा श्रद्धालुओं की मौजूदगी में निकाली जाएगी। पालकी यात्रा के दौरान सांई भजनों, जयघोष और भक्तिमय वातावरण से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहेगा।

दूसरे दिन 30 जुलाई को दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए विशाल प्रसादी (भव्य भंडारा) का आयोजन किया जाएगा। संस्थान ने श्रद्धालुओं से परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होकर सांई बाबा का प्रसाद ग्रहण करने और पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। इसी क्रम में श्री सांई सेवा धर्मार्थ संस्थान के अध्यक्ष शरद सिन्हा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने रायपुर स्थित निवास पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट कर उन्हें गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आमंत्रण पत्र भेंट किया। प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह किया, जिस पर डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आश्वासन देते आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

## छात्रों ने लगाया फूड स्टॉल

**राजनांदगांव**। प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं व्यवहारिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों द्वारा फूड स्टॉल का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा संचालित फूड स्टॉल में नींबू पानी, फिंगर चिप्स, स्वीट डिश, स्वीट कॉर्न, सूप, भेल, आलू गोलगप्पा, करोंदा चाट सहित विभिन्न व्यंजन तैयार किए गए थे। फूड स्टॉल के लिए सामग्री का प्रबंधन, ग्राहकों से संवाद अन्य व्यवस्थाओं का संचालन विद्यार्थियों द्वारा किया गया। विद्यार्थियों में जीवनोपयोगी कौशल, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क, आत्मविश्वास, संचार कौशल, व्यवहारिक अनुभव एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।



पृष्ठ 09 का शेष

### छात्रों ने किया...

अवसर मिलना चाहिए, लेकिन छत्तीसगढ़ में अब तक इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। जिसको लेकर विद्यार्थी संशय में हैं और उन्हें नई शिक्षा नीति का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस मुद्दे को लेकर विद्यार्थियों ने दिग्विजय महाविद्यालय परिसर में बैनर और पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शन किया।अपनी नाराजगी और चिंता व्यक्त करते उदय वर्मा सहित अन्य विद्यार्थियों ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत हम एक वर्षीय पीजी के सपने देख रहे हैं और इसे लागू करने सिस्टम सो रहा है। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से छात्रों ने मांग की है कि राज्य सरकार शीघ्र निर्णय लेते एक वर्षीय पीजी प्रवेश प्रक्रिया के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करें। जिससे प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री एवं एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव राजा यादव ने कहा कि राज्य सरकार और उच्च शिक्षा विभाग को भी तत्काल स्पष्ट गाईड लाइन जारी करनी चाहिए, ताकि योग्य छात्र-छात्राओं का एक वर्ष बर्बाद न हो और वे समय पर स्नातकोत्तर शिक्षा में प्रवेश ले सकें।

### गौरव स्थल पर हुआ आयोजन

## कारगिल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा शहर के गौरव स्थल में देशभक्ति पूर्ण आयोजन किया गया। इस आयोजन में कारगिल युद्ध के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजन में कारगिल युद्ध में शामिल रहे भूतपूर्व सैनिक, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, एनसीसी, एनएसएस कैडेट, स्कूली विद्यार्थी और देशप्रेमी जनता उपस्थित रही।

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम स्थानीय गौरव स्थल पर भारतमाता के तैलचित्र में पुष्पांजलि अर्पित करते दीप प्रज्जवलन कर भारतमाता की जयघोष करते कारगिल युद्ध के दौरान शहीद हुए वीर जवानों को नमन किया।



### पूर्व सैनिकों का सम्मान

आयोजन के अवसर पर पूर्व महापौर हेमा देशमुख, भारतीय तैलिक राठौर महासभा की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष रेखा साहू, शारदा तिवारी, अशोक चौधरी सहित अन्य ने संबोधित किया। इस दौरान कारगिल युद्ध में शामिल रहे पूर्व सैनिकों को पुष्पमाला, श्रीफल और प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया।

### सैनिकों की बदौलत देश की सुरक्षा

विजय दिवस के आयोजन में पहुंचे सांसद संतोष पांडे ने कहा कि आज हम सब वीर शहीदों को नमन करने एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि कारगिल जैसा संकट जब-जब हमारे देश में आएगा, तब-तब यहां के सैनिक अपने प्राणों की आहुति के लिए तैयार रहेंगे और भारतमाता को एक आंच भी नहीं आएगी। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि कि 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना के जवानों ने पाकिस्तान को परास्त किया था। आयोजन को लेकर भूतपूर्व सूबेदार मेजर राजेश शर्मा ने कहा कि कारगिल का युद्ध 3 मई से शुरू होकर 26 जुलाई तक चला था। इस दौरान भारतीय सेना ने सभी पोस्ट पर कब्जा किया था। उन्होंने बताया कि वह स्वयं कारगिल युद्ध में शामिल रहे हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com




30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### विधायक के प्रयासों से किसानों को मिला नया ट्रांसफार्मर



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कारीमाटी के किसानों को खेतों में सिंचाई के लिए लंबे समय से बिजली आपूर्ति में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खेतों में लगा ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण किसानों की फसलें प्रभावित हो रही थीं और सिंचाई कार्य बाधित था। इस समस्या को लेकर जनपद क्षेत्र क्रमांक-19 की जनपद सदस्य श्रीमती उर्वशी माखन चंद्रवंशी ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए इसकी जानकारी क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा को दी। किसानों की समस्या से अवगत होने के बाद विधायक भावना बोहरा ने संबंधित विभाग से तत्काल समन्वय कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं विधायक के प्रयासों से शीघ्र ही नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया, जिससे किसानों को फिर से नियमित बिजली मिलने लगी और खेतों में सिंचाई कार्य सुचारु रूप से शुरू हो गया। वहीं कारीमाटी में नए ट्रांसफार्मर लगने से किसानों ने राहत की सांस ली और समय पर खेती-किसानी के कार्य पूरे होने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती उर्वशी माखन चंद्रवंशी ने विधायक भावना बोहरा का आभार व्यक्त किया। इस दौरान माखन चंद्रवंशी, दुर्गा चंद्रवंशी, प्रभु तथा टीकाराम सहित क्षेत्र के किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थें।

### प्रदेश साहू प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक बनेःमहेश्वर



**कुण्डा।** पूर्व सरपंच कुण्डा एवं पूर्व महामंत्री भाजपा मण्डल कुण्डा महेश्वर साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक के पद पर नियुक्ति की गई। प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने विगत दिनों प्रदेश संगठन का विस्तार किया, जिसमें कुण्डा निवासी महेश्वर साहू संगठन के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक की जिम्मेदारी दिया गया, प्रदेश अध्यक्ष नीरेंद्र साहू के अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश पदाधिकारियों का सूची जारी किया गया, जिसमें 9 सह संयोजक, 1 महामंत्री, 8 संगठन सचिव, 4 संयुक्त सचिव, 4 मिडिया प्रभारी की नियुक्ति गई। वहीं पूर्व सरपंच महेश्वर साहू को प्रदेश साहू संघ व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक के कमान सौंपा गया। महेश्वर साहू पूर्व में तहसील महामंत्री पंडरिया के पद पर अपना सेवा समाज को देते आ रहे, श्री साहू के द्वारा समाज हित में उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए उन्हें यह जवाबदारी दिया गया। उनके मनोनयन से जिला साहू संघ कवर्धा, तहसील साहू संघ पंडरिया एवं साहू संघ कुण्डा के पदाधिकारियों एवं समर्थकों में खुशी व्याप्त है।

### मक्के स्कूल में विद्यार्थियों को कराया न्योता भोज




**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में छात्राओं के अच्छे स्वास्थ्य के लिए पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में न्योता भोजन की परंपरा की शुरूआत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज व शालाओं के मध्य आपसी संबंध व तालमेल में स्थापित करना है, न्योता भोजन में शाला परिवार व सामाजिक गणमान्य नागरिकों द्वारा छात्र-छात्राओं को पोषण आधार आहार प्रदान किया जाना है, जिसे विद्यार्थियों को एमडीएम के साथ-साथ अन्य पोषण आहार प्राप्त हो। इस न्योता भोज के तहत श्रीमती एलवीना विलसन अपने जन्मदिन के अवसर पर सभी विद्यार्थियों को मिठाई, केला, पूड़ी और सब्जी खिलाया और साथ में केक काटा गया। जिसमें प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन, प्रधान पाठक कपूरराम चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल खांडे, युगल साहू श्रीमती भानुप्रिया साहू तथा शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्य भोला राम साहू रसोईया भागीरथी, कमला, राजवंती, रजन, मोहित तथा विद्यार्थी गण उपस्थित थें।

### भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना के साथ पेराई सत्र की तैयारियां तेज

# भोरमदेव शक्कर कारखान में विधि विधान से हुई रोलर स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादन कारखाना मर्यादित राम्हेपुर-कवर्धा में आगामी पेराई सत्र 2026-27 की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। पेराई प्रारंभ होने से पूर्व परंपरा के अनुसार मिल के मुख्य रोलर की स्थापना विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई।

इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर सफल एवं निर्बाध पेराई सत्र की कामना की गई। पूजन कार्यक्रम में कारखाना प्रबंधन एवं अधिकारियों ने भगवान विश्वकर्मा से प्रार्थना की कि आगामी पेराई सत्र सुचारु रूप से संचालित हो, मिल में किसी प्रकार की तकनीकी खराबी या दुर्घटना न हो तथा किसानों द्वारा लाए जाने वाले गन्ने का समय पर प्रसंस्करण कर अधिकतम उत्पादन प्राप्त किया जा सके।

इस अवसर पर कारखाना प्रबंधक गौरीशंकर शर्मा, महाप्रबंधक अंकित मरकाम, चीफ इंजीनियर आशुतोष पांडेय, चीफ केमिस्ट चंद्रजीत यादव, सीनियर इंजीनियर धनसिंह, इंजीनियर सुखपाल सिंह, मुकेश कुमार चंद्रवंशी, अनिल कनौजिया, केमिस्ट कपिल भूंसारी, मोती चंद्रवंशी, विपिन साहू, इंजीनियर मरकाम, इंजीनियर विकास शुक्ला, सुरक्षा अधिकारी एवं फायर सेफ्टी इंचार्ज धनीराम यादव सहित कारखाने के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थें।



**मशीनों व उपकरणों का निरीक्षण, मरम्मत व परीक्षण कार्य किया**

कारखाना प्रबंधन ने बताया कि पेराई सत्र प्रारंभ होने से पहले सभी मशीनों एवं उपकरणों का निरीक्षण, मरम्मत और परीक्षण कार्य तेजी से किया जा रहा है। रोलर स्थापना के साथ ही मिल के प्रमुख तकनीकी कार्यों को गति मिल गई है। प्रबंधन का प्रयास है कि निर्धारित समय पर पेराई प्रारंभ कर किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा गन्ना उत्पादकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



# गौ-मंत्रालय बनाने की मांग कलेक्ट्रेट का किया घेराव

- गौसेवकों ने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के गौसेवकों ने विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए केंद्र और राज्य सरकार से अलग गौ मंत्रालय के गठन, कत्लखानों को बंद करने और गौ संरक्षण व संवर्धन के लिए ठोस नीति बनाने की मांग की। प्रदर्शन में गौ सेवा आयोग के सदस्य भी शामिल हुए।ज्ञापन में कहा गया कि गौवंश के संरक्षण के साथ-साथ गोबर, गौमूत्र और अन्य गौधन आधारित उत्पादों के उत्पादन व विपणन को बढ़ावा देने के लिए विशेष व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि गौपालन को आर्थिक रूप से भी सशक्त बनाया जा सके। गौसेवकों ने बताया कि जिले सहित प्रदेश में बड़ी संख्या में गौवंश सडक़ों पर घूमते नजर आते हैं। इसके कारण आए दिन सडक़ दुर्घटनाएं होती हैं। तेज रफ्तार वाहन गौवंश को अपनी चपेट में ले लेते हैं, वहीं कई बार बाइक और कार सवार भी मवेशियों से टकराकर हादसे का शिकार हो जाते हैं। रात के समय सडक़ पर बैठे गौवंश आसानी से दिखाई नहीं देने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर गौवंश के गले में रेडियम पट्टी बांधने जैसे प्रयास किए गए हैं, लेकिन इससे अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। ऐसी स्थिति में गौवंश को सुरक्षित स्थानों पर रखने और उनके संरक्षण के लिए स्थायी व्यवस्था की आवश्यकता है।

## बढ़ते बिजली बिल व महंगाई से आम नागरिक परेशानः इंद्रजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई और बिजली बिलों को लेकर आम नागरिकों, किसानों एवं मजदूरों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में बढ़े हुए बिजली बिलों के विरोध में धरना-प्रदर्शन किए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से सरकार से तत्काल राहत देने की मांग उठ रही है। क्षेत्र के युवा इंद्रजीत चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में बढ़ती महंगाई ने आम लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। उनका कहना है कि सरकार को आम नागरिकों, किसानों और मजदूरों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर गंभीरता से लेना चाहिए तथा बिजली बिलों में राहत देने के साथ-साथ महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि आज आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में मध्यम एवं गरीब परिवारों के सामने घर का बजट संभालना चुनौती बन गया है, कई परिवारों की स्थिति ऐसी है कि उन्हें यह तय करना पड़ रहा है कि वे बढ़ा हुआ बिजली बिल जमा करें या गैस सिलेंडर भरवाएं। इस स्थिति में परिवार का दैनिक खर्च चलाना कठिन होता जा रहा है। क्षेत्र में बढ़ते बिजली बिलों को लेकर कुंडा, पंडरिया, पंडातराई, कुई और कुकदूर सहित कई स्थानों पर विरोध-प्रदर्शन किए जा चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की है कि बढ़ते बिजली बिलों और महंगाई के मुद्दे पर शीघ्र निर्णय लेकर आम जनता को राहत प्रदान की जाए।

# भूमिका का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन

- प्रतिभावान छात्रा ने 95 .53 अंकों के साथ कक्षा आठवीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



विगत दिनों बुधवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झिटिया के होनहार छात्रा भूमिका देशमुख का प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर में चयन होने पर शाला प्रबंधन समिति एवं ग्राम प्रमुखों की गरिमामय उपस्थिति में स्वागत कर बधाई दी।

उक्त संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए संस्था के प्रधान पाठक आसकरण सिंह धुर्वे ने बताया कि छात्रा भूमिका देशमुख प्रतिभावान छात्रा है, इस वर्ष 95.33 प्रतिशत अंकों के साथ आठवीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की, उन्होंने राष्ट्रीय सह साधन प्रवीण्य छात्रवृत्ति पात्रता परीक्षा में भी 121 अंकों के साथ उत्तीर्ण कर चयन सूची में नामांकित कराकर शाला का मान बढ़ाया।

प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर में चयन होने पर विद्यालय परिवार की ओर से गुलदस्ता व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया, साथ ही डॉ उत्तम देशमुख गोडमर्रा द्वारा 2 हजार रूपए की राशि, राजूराम देशलहरा 5 सौ रुपए, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती मंजू लता यादव 5 सौ रुपए सहित नगद 3 हजार रुपए की राशि प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

जिसमें पुनीतराम राणा, श्रीमती मंजुलता यादव, भागवत नायक, आनंद तारम, नरेंद्र वर्मा, हिरदेराम साहू, यादराम साहू, आसकरण सिंह धुर्वे, हरिनारायण देशमुख, ओमप्रकाश कोलियारा, शिव चनाप, गोवर्धन रावते, भारत यादव, खेमराज देवांगन, श्रीमती विद्या मालिया, खेमिन यादव, सुनीता जोशी, लिलेश्वरी मालिया, संगीता जोशी, निशा सेवता, ललिता यादव, मोहित जोशी, बेबी कोलियारा, अनुसुइया बैंस, गंगोत्री देशमुख, बालमुकुंद जोशी, रामेश्वर कौशिक, तामेश्वरी साहू, शिक्षक नरेंद्र दास मानिकपुरी, बालकृष्ण देवांगन, दिलीप कलिहारी, राजूराम देशलहरा, श्रीमती यमुना निषाद , रैन सिंह साहू, तीरथ ठाकुर, होमराज भारती, कल्पना सिंह राजपूत सहित शाला के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## सिग्नल चौंक में पूर्व सैनिक कल्याण संघ ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि




**कवर्धा।** पूर्व सैनिक कल्याण संघ कबीरधाम छत्तीसगढ़ द्वारा 27 वें कारगिल विजय दिवस में भारत माता प्रतिमा तथा अमर जवान ( सिग्नल) चौक में दीप प्रज्जवलित कर कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कारगिल के वीर जवानों के अदम्य साहस, शौर्य, राष्ट्रभक्ति एवं सर्वोच्च बलिदान को पूर्व सैनिकों ने नमन किया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध से जुड़ी प्रेरक कहानी भी साझा की गई, जिसमें बताया गया कि कैसे कठिन बर्फीली चोटियों और शून्य से नीचे तापमान में भी हमारे जवानों ने टाइगर हिल जैसे दुर्गम क्षेत्रों पर तिरंगा फहराकर अदम्य साहस का परिचय दिया। विशेष रूप से कैप्टन विक्रम बत्रा के अद्वितीय शौर्य और ये दिल मांगे मोर के जयघोष के साथ उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया। लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडेय के परमवीर चक्र से सम्मानित वीरता पूर्ण योगदान और अंतिम सांस तक देश के लिए लड़ने के उनके अदम्य साहस की प्रेरणादायक कहानी भी साझा की गई, कबीरधाम जिला के कई पूर्व सैनिक भी कारगिल के युद्ध में हिस्सा भी लिया है जिनके अनुभव सांझ करने पर उपस्थित सभी को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक कल्याण संघ के अध्यक्ष सेवानिवृत्त हवलदार कृष्णा सिंह धुर्वे, वारंट ऑफिसर परमानंद कौशिक, नायक इनायतुल्ला खान, नायक जितेन्द्र कुमार राजपूत, नायक धनेश्वर सिंह राजपूत, हवलदार गोपाल वट्टी (विधायक प्रतिनिधि कुकदूर) तथा कवर्धा आर्मी ग्रुप के सेना में जाने की तैयारी कर रहे भावी सैनिक उपस्थित थें।

### हाई स्कूल कैलाश नगर कवर्धा में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**कवर्धा।** नवीन प्रवेशित बच्चों एवं पुराने छात्र-छात्राओं के लिए शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसएमडीसी के अध्यक्ष गोपाल साहू, अध्यक्षता कमलेश द्विवेदी, रामविलास कौशिक, संजय साहू विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थें। सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र में दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात बच्चों को गुलाल का टीका लगाकर व मुह मीठा कराकर स्वागत किया गया व साथ में नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तक वितरण भी किया गया। अध्यक्ष गोपाल साहू द्वारा बच्चों का अभिनंदन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उपाध्यक्ष कमलेश द्विवेदी द्वारा बच्चों का स्वागत करते हुए पढलिखकर समाज ब राष्ट्र की सेवा भावना को जागृत करने का संदेश दिया एवं रामविलास कौशिक द्वारा बच्चों को अनुशासन में रहकर पढ़ने की सीख दी, गुरुजनों का सम्मान देने की बात कही। संजय साहू जी द्वारा बच्चों का स्वागत करते हुए समय का पालन करने की सीख दी गई। विद्यालय के प्राचार्य एचके साहू द्वारा बच्चों का स्वागत करते हुए प्रतिदिन समय में विद्यालय आते का आव्हान किया तथा स्कूल नियमों का अनुशासन में रहकर पालन करने कहा तथा स्कूल को अपना घर समझकर सभी चीजों को ध्यान रखने कहा किसी भी तरह की बदमाशी नही करने को कहा गया। व्याख्याता राजेश चन्द्रवंशी द्वारा मंच संचालन किया गया एवं बच्चों को बधाई देते हुए अनुशासन में रहकर अच्छे से पढ़ लिखकर सफल इंसान बनने की सीख दी व गुरुजनों व माता पिता की आदर व सम्मान देने की बात कही।

### निःशुल्क सायकिल योजना छात्राओं के लिए वरदान सिद्ध हो रही है

# 11 छात्राओं को वितरित की गई सायकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती निःशुल्क सायकिल योजना के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भालुचुवा शाला की कुल 11 छात्राओं को निःशुल्क सायकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अतिथियों में जिला भाजपा महामंत्री नितेश अग्रवाल, राम किंकर वर्मा, नंद श्रीवास, लोकचंद साहू, विदेशी राम धुर्वे, आशाराम लहरे, चंद्रकुमार दिवाकर, कमल लहरे, अमित मोहले हेमंत उइके, अघनु गेड्रे व श्रीमती सरस्वती भारतेंदु सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। कार्यक्रम में शाला की प्राचार्या श्रीमती शोभा शुक्ला ने शाला दर्पण तथा लाभार्थी छात्राओं की जानकारी प्रस्तुत की।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में नितेश अग्रवाल ने कहा कि बालिका शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला है। शिक्षित बेटियां न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करती हैं।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती निःशुल्क सायकिल योजना ग्रामीण अंचलों की छात्राओं के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इस योजना से विद्यालय आने-जाने की दूरी कम होने के साथ-साथ छात्राओं में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ेगा तथा बालिका शिक्षा को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावी मंच संचालन विज्ञान व्याख्याता श्रीमती पूनम तिवारी द्वारा किया गया। अंत में शाला परिवार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार श्रीमती तरुणा नामदेव, व्याख्याता द्वारा व्यक्त किया गया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## वारदात: अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, पत्थर से वार कर उतारा मौत के घाट

# पत्नी ने अपने चचेरे भाई के साथ मिलकर की शराबी पति की हत्या, दोनों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स.लोहारा

जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्र में गत 26 जुलाई को सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिले युवक के शव की गुत्थी पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सुलझा ली। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक की हत्या उसकी पत्नी और उसके चचेरे भाई ने मिलकर की थी।

प्रारंभिक जांच के अनुसार पारिवारिक विवाद और पति की अत्यधिक शराबखोरी से परेशान पत्नी ने अपने चचेरे भाई के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। सहसपुर लोहारा पुलिस के अनुसार ग्राम बासिनझोरी निवासी तुलेश साहू ने 26 जुलाई की सुबह थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पिता महेश साहू का शव बानो रोड स्थित एक दुकान के पास पड़ा हुआ है।

शव के सिर, हाथ और पैरों पर गंभीर चोटों के निशान तथा घटनास्थल की परिस्थितियों को देखकर हत्या की आशंका जताई गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा ने फॉरेंसिक टीम की सहायता से घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कराया।

घटनास्थल से खून लगा पत्थर सहित अन्य साक्ष्य जब्त किए गए और अलग-अलग टीम गठित कर तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई। पूछताछ के दौरान मृतक की पत्नी नीता साहू के बयान में कई विरोधाभास सामने आए। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी महिला ने बताया कि 25 जुलाई को वह अपने चचेरे भाई ओदराम साहू के साथ अपने पति महेश साहू के पास पहुंची थी।

उस समय महेश शराब के नशे में था और दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। इसके बाद वे उसे स्कूटी से सहसपुर लोहारा की ओर ले गए, लेकिन रास्ते में भी महेश शराब पिलाने की जिद करता रहा। विवाद बढ़ने पर पहले उसके साथ मारपीट की गई और फिर ओदराम ने महेश को पकड़ लिया, जबकि नीता ने पत्थर से उसके सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद दोनों आरोपी स्कूटी से वापस ग्राम चिमरा लौट गए। आरोपियों की निशानदेही पर घटना के समय पहने गए कपड़े, वारदात में प्रयुक्त पत्थर तथा एक्टिवा स्कूटी जब्त कर ली गई है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले के खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, उप निरीक्षक राजेश्वर सिंह ठाकुर, रूपराम पट्टावी, किशन नायक, सहायक उपनिरीक्षक संदीप चौबे सहित थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### घटनास्थल से मिले अहम साक्ष्य

पुलिस जांच के दौरान घटनास्थल से खून से सना पत्थर, कपड़े और अन्य भौतिक साक्ष्य बरामद किए गए। फॉरेंसिक टीम ने मौके से नमूने एकत्र कर वैज्ञानिक जांच की, जिससे हत्या की गुत्थी सुलझाने में महत्वपूर्ण सफलता मिली। आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त एक्टिवा स्कूटी भी जब्त की गई।

### हत्या के पीछे शराबखोरी और पारिवारिक विवाद बना वजह

पुलिस के अनुसार आरोपी पत्नी ने पूछताछ में बताया कि उसका पति महेश साहू लंबे समय से अत्यधिक शराब का सेवन करता था और आए दिन विवाद करता था। घटना वाले दिन भी शराब के लिए पैसे मांगने और रास्ते में शराब पिलाने की जिद को लेकर विवाद बढ़ गया। इसी दौरान गुस्से में आकर पत्नी ने अपने चचेरे भाई की मदद से पति की हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

# दिव्यांग बुजुर्ग को मिली बैटरी चलित ट्रायसायकल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य केवल सुविधाएं उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना भी है।

कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायत भागुटोला अंतर्गत ग्राम चिमागोंदी निवासी दिव्यांग समझराम साहू के जीवन में भी ऐसा ही बदलाव आया है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की संवेदनशील पहल से उन्हें बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्रायसायकल उपलब्ध कराई गई, जिससे अब उनका आवागमन पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान और सुविधाजनक हो गया है। समझराम साहू लंबे समय से दिव्यांगता के कारण आने-जाने में कठिनाइयों का सामना कर रहे थे।

दैनिक कार्यों के लिए भी उन्हें परिजनों अथवा अन्य लोगों पर निर्भर रहना पड़ता था। अपनी समस्या के समाधान के लिए उन्होंने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से उनके कार्यालय में मुलाकात कर बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्रायसायकल उपलब्ध कराने का आवेदन प्रस्तुत किया। मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्राप्त करने के बाद समझराम साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पहले उन्हें घर से बाहर निकलने में काफी कठिनाई होती थी।

अब बैटरी चलित ट्रायसायकल मिलने से वे स्वयं अपने कार्यों के लिए आसानी से आना जाना कर सकेंगे। इससे उनके जीवन में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी संवेदनशील पहल ने उनके जीवन को नई दिशा दी है। यह सहायता उनके लिए केवल एक साधन नहीं, बल्कि सम्मानपूर्वक और आत्मनिर्भर जीवन जीने का माध्यम है।

इस अवसर पर नरेन्द्र मानिकपुरी, अमर कुर्रे, मंजीत बैरागी, ओमकार साहू, विनायक सिंह सहित जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कबीरधाम जिले में 285.4 मिलीमीटर औसत वर्षा


**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में एक जून से आज तक 285.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 302.2 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 233.6 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 270.1 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 209.0 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 247.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 193.3 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 415.9 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 412.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 27 जुलाई की स्थिति में पिछले 24 घंटे में जिले में 1.8 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है।

# हनुमान मंदिर का रहस्यमयी सीसीटीवी वीडियो वायरल, अपने आप खिसकता नजर आया आसन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा के कचहरी पारा स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई एक रहस्यमयी घटना इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

वायरल वीडियो में भगवान हनुमान की प्रतिमा के सामने रखा आसन अपने आप धीरे-धीरे पीछे की ओर खिसकता दिखाई दे रहा है। इस दृश्य ने श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के बीच उत्सुकता के साथ-साथ कई तरह की चर्चाओं को जन्म दे दिया है। बताया जा रहा है कि यह घटना देर रात लगभग दो से तीन बजे के बीच की है। उस समय मंदिर के कपाट बंद थे और गर्भगृह में किसी भी व्यक्ति की मौजूदगी नहीं थी। सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि कुछ क्षणों तक सब कुछ सामान्य रहने के बाद आसन बिना किसी प्रत्यक्ष मानवीय हस्तक्षेप के धीरे-धीरे अपनी



जगह से पीछे की ओर सरकने लगता है। वीडियो सामने आने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसे भगवान हनुमान की दिव्य कृपा अथवा चमत्कार के रूप में देख रहे हैं। कई श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना कर रहे हैं और इस घटना को आस्था से जोड़ रहे हैं। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर भी वीडियो तेजी से साझा किया जा रहा है, जहां लोग अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

### घटना को लेकर एक मत नहीं लोग

हालांकि, इस घटना को लेकर सभी की राय एक जैसी नहीं है। कुछ लोगों का मानना है कि इसके पीछे चूहों की गतिविधि, फर्श में हल्का ढलान, कंपन, गुरुत्वाकर्षण या किसी अन्य तकनीकी अथवा भौतिक कारण की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं कुछ लोगों ने सीसीटीवी रिकॉर्डिंग में किसी तकनीकी गड़बड़ी की आशंका भी व्यक्त की है। फिलहाल इस घटना की किसी स्वतंत्र विशेषज्ञ या संबंधित प्राधिकरण द्वारा पुष्टि नहीं की गई है कि आसन के खिसकने का वास्तविक कारण क्या था। ऐसे में यह मामला अभी भी रहस्य बना हुआ है। आस्था और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बीच चल रही चर्चाओं के कारण यह वीडियो पूरे क्षेत्र में लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

# वनांचल के लमनी व खुड़िया में बने आधुनिक प्रतीक्षालय शेड

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल



■ 20-20 लाख रुपये की लागत से आधुनिक प्रतीक्षालय शेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की विशेष पहल पर पंचायत विभाग द्वारा सुदूर वनांचल के ग्राम लमनी और खुड़िया में 20-20 लाख रुपये की लागत से आधुनिक प्रतीक्षालय शेडों का निर्माण कराया गया है।

श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल कांवड़ में भरकर पदयात्रा करने वाले हजारों श्रद्धालुओं को इस वर्ष बड़ी राहत मिली है। वर्षों से वनांचल क्षेत्रों में विश्राम, पेयजल, प्रकाश और भोजन बनाने जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में कठिनाइयों का सामना करने वाले कांवड़ियों के लिए अब सुरक्षित और सुविधायुक्त विश्राम स्थल उपलब्ध हो गए हैं। ये नवनिर्मित प्रतीक्षालय कांवड़ यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित पड़ाव के रूप में विकसित किए गए हैं। यहां रात्रि विश्राम, भोजन बनाने तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे हजारों श्रद्धालुओं की यात्रा पहले की अपेक्षा अधिक सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक हो सकेगी।

गौरतलब है कि ग्राम लमनी कांवडिय़ों का पहला प्रमुख पड़ाव माना जाता है। अब तक यहां सीमित संसाधनों के बीच श्रद्धालुओं को खुले स्थानों पर रात्रि विश्राम करना पड़ता था। बरसात, अंधेरा और घने जंगलों के कारण यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इन समस्याओं को देखते हुए लमनी बैरियर के समीप निर्मित नए प्रतीक्षालय शेड में सुरक्षित रात्रि विश्राम, भोजन बनाने तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। विशेष रूप से यहां सोलर ऊर्जा आधारित विद्युत व्यवस्था स्थापित की गई है, जिससे रात के समय पर्याप्त प्रकाश उपलब्ध रहेगा और श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण मिलेगा। इसी प्रकार ग्राम खुड़िया में भी 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित प्रतीक्षालय शेड कांवड़ियों के लिए राहत का महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है।

अब यात्रा के दौरान दोनों स्थान श्रद्धालुओं के प्रमुख विश्राम स्थलों के रूप में उपयोगी साबित होंगे।

### वर्षों पुरानी समस्या का हुआ स्थायी समाधान

कांवड़ यात्रा का मार्ग घने जंगलों, पहाड़ी क्षेत्रों और दूरस्थ वनांचल ग्रामों से होकर गुजरता है। हजारों श्रद्धालु कई दिनों तक पैदल यात्रा कर भगवान शंकर के मंदिरों तक पहुंचते हैं। लंबे समय से इन मार्गों पर सुरक्षित रात्रि विश्राम और मूलभूत सुविधाओं की कमी एक बड़ी समस्या बनी हुई थी। श्रद्धालुओं की इस लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता को गंभीरता से लेते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंचायत विभाग के माध्यम से लमनी और खुड़्या में आधुनिक प्रतीक्षालय शेडों का निर्माण सुनिश्चित कराया, जिससे वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो सका।

### स्वास्थ्य, सड़क और पेयजल सुविधाओं का भी प्रबंध

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयास केवल प्रतीक्षालय निर्माण तक सीमित नहीं हैं। कांवड़ यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक स्तर पर अन्य व्यवस्थाएं भी सुदृढ़ की जा रही हैं। यात्रा के दौरान आकस्मिक स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार हेतु स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। मार्गों की मरम्मत और आवश्यक रिपेयरिंग कर यात्रा को सुरक्षित बनाया जा रहा है। साथ ही विभिन्न स्थानों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# नगर पालिका परिषद कवर्धा ने 42 पात्र हितग्राहियों को वितरित किए राशन कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पात्र जरूरतमंद परिवारों को उचित मूल्य पर सरकारी राशन का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कवर्धा नगर पालिका परिषद द्वारा नए राशन कार्ड बनाए जाने का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद परिसर में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 20 के 42 पात्र हितग्राहियों को नए राशन कार्ड वितरित किए गए।

यह वितरण कार्यक्रम कवर्धा विधायकएवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन तथा वार्ड क्रमांक 20 की पार्षद श्रीमती मनीषा अनिल साहू के प्रयासों से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि अनिल साहू ने हितग्राहियों को राशन कार्ड सौंपे। इस अवसर पर अनिल साहू ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व और नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में नगर में जनहित एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक पात्र हितग्राही तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना नगर पालिका की प्राथमिकता है।



उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमि पट्टा वितरण, राशन कार्ड निर्माण, नगर की साफ-सफाई सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाने के लिए नगर पालिका परिषद लगातार कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य के तहत पात्र परिवारों के नए राशन कार्ड बनाकर उन्हें वितरित किया जा रहा है, ताकि कोई भी जरूरतमंद परिवार शासन की खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित न रहे।

# कलेक्टर ने की लोगों से भोरमदेव पदयात्रा में शामिल होने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सावन महीने के प्रथम सोमवार 03 अगस्त को बुढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक जिला प्रशासन द्वारा आयोजित पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के नागरिकों को न्यौता दिया है। कलेक्टर ने कहा है कि प्रिय नागरिकगण, जैसा कि आपको विदित ही है कि सावन माह के प्रथम सोमवार को प्रतिवर्ष कवर्धा शहर के प्रसिद्ध बुढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव शिव मंदिर तक पदयात्रा का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिले के समस्त नागरिकों द्वारा भाग लिया जाता है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के प्रथम सोमवार 03 अगस्त को बुढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक पदयात्रा का आयोजन प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होगा। आप समस्त प्रिय नागरिकगणों से अपील है कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अधिक से अधिक संख्या में इस पदयात्रा में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## 25 जुलाई से 28 जुलाई तक महा चतुर शुद्धि सहस्त्र कलशम कार्यक्रम का आयोजन

# पंच दिवसीय अनुष्ठान से दिव्य वातावरण निर्मित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के आध्यात्मिक गौरव भोरमदेव में विगत 25 जुलाई 2026 शनिवार एकादशी के दिन से पांच दिवसीय अनुष्ठान कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

इसे महा चतुर शुद्धि सहस्त्र कलशम की उपमा दी गई है। इसका आयोजन श्री महादिव्य देशम फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। इसका परम् उद्देश्य कबीरधाम जिले के साथ-साथ संपूर्ण छत्तीसगढ़ के कल्याण की भावना है। इसके प्रमुख राजीव राकुल स्वामी केरल ने आदित्य श्रीवास्तव से चर्चा करते हुए पूछने पर बताया कि यह अनुष्ठान प्राण प्रतिष्ठा की प्राचीन विधि है जिसमें भगवान परशुराम स्त्रोतम में उल्लिखित पौराणिक विधियों का पालन किया जाता है। इसके लिए केरल राज्य की विद्वत जनों को आमंत्रित किया गया है।

आदित्य श्रीवास्तव ने पुनः प्रश्न किया कि इसकी आवश्यकता क्यों हुई? प्रत्युत्तर में बताए कि वर्षों से हाटकेश्वर महादेव की पूजा हो रही है इस दौरान अनेक प्रकार की अशुद्धियां जाने अनजाने में हो जाती है उन अशुद्धियों के परिमार्जन के लिए विशेष पूजा पद्धति से शुद्धिकरण किया जाता है,जिससे शिवलिंग की क्षीणता पुनः ऊर्जित होगी।



### अनुष्ठान कार्यक्रम का अंतिम व सबसे महत्वपूर्ण चरण आज

मंगलवार 28 जुलाई संध्या को अनुष्ठान कार्यक्रम का अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण चरण प्रारंभ होगा जिसमें मंदिर के आठ दिशाओं में अष्ट भैरव की स्थापना की जाएगी और गर्भगृह में वैदिक मंत्रों से अनुष्ठान किया जाएगा इस दौरान 28 की संध्या से 29 जुलाई दोपहर तक 1008 मंगल कलशों से गर्भगृह में अभिषेक, अनुष्ठान संपन्न होगा जिसके कारण श्रद्धालुओं के लिए अष्ट भैरव एवं बूढ़ा महादेव मंदिर में दर्शनार्थ एवं पूजनार्थ व्यवस्था रहेगी। मंदिर परिसर में पूर्ण आध्यात्मिक वातावरण निर्मित होगी। राजीव राकुल स्वामी ने समस्त सनातनियों से आग्रह किया है कि ईश्वर की निरंतर प्रार्थना सभी करें जिससे अनुष्ठान कार्यक्रम पवित्र वातावरण में संपन्न किया जा सके और मानव कल्याण भावनाएं प्रबल हो सके।

# संत रविदास की 650 वीं जयंती पर भाजपा चलाएगी अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी जिला कबीरधाम द्वारा सोमवार को नवीन भाजपा कार्यालय में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650 वीं जयंती के अवसर पर प्रस्तावित समरसता-संकल्प अभियान एवं घर-घर तिरंगा यात्रा को लेकर संयुक्त जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में अभियान की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों तथा संतों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्रों पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य वक्ता एवं अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्यवाड़ा ने कहा कि जब समाज में विकृतियां बढ़ती हैं, तब संतों और महापुरुषों का अवतरण समाज को सही दिशा देने के लिए होता है। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास, संत कबीरदास एवं गुरु घासीदास ने सामाजिक समरसता, समानता और स्वाभिमान का संदेश दिया, जिसे आज भी आत्मसात करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा उपेक्षित एवं दलित समाज के सम्मान और उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा समाज में ऊंच-नीच और भेदभाव की भावना को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यशाला में पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, जिला उपाध्यक्ष परेटन वर्मा एवं अशोक चंद्रवंशी, जिला महामंत्री मुकेश ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, महिला मोर्चा अध्यक्ष विजय लक्ष्मी तिवारी आदि उपस्थित थे।